संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-339 गुरूवार,10 अक्टूबर 2024, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

# दिल्ली में सीएम आवास किया गया सील

### » बाहर निकाला गया आतिशी का सामान

**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024(ए)।** देश की राजधानी नई दिल्ली से बड़ी खबर सामने आयी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को आवंटित सिविल लाइंस के 6, फ्लैगस्टाफ रोड पर लोक निर्माण विभाग ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सील लगा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री आवास पर दो बड़े ताले लगाए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने भी दावा करते हुए इस बात की पुष्टि की है कि मुख्यमंत्री आतिशी के सरकारी आवास में रखे सामान का बाहर निकलवा दिया है।

### बीजेपी सीएम आवास कब्जाना चाह रही:सीएमओ

उधर दिल्ली सीएम ऑफिस ने आरोप लगाया कि एलजी की तरफ से बीजेपी के किसी बड़े नेता को सीएम आवास आवंटित करने की तैयारी चल रही है। 27 साल से दिल्ली में वनवास काट रही बीजेपी अब सीएम आवास कब्जाना चाह रही है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि बंगला अभी आतिशी को आवंटित नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बंगले के कैंपस में मौजूदा मुख्यमंत्री का एक शिविर कार्यालय भी खाली करा लिया गया है। बीजेपी दिल्ली में विधानसभा चुनाव जीत नहीं पाई है इसलिए वह अब दिल्ली के मुख्यमंत्री का बंगला हड़पने की कोशिश कर रही है।हालांकि, बीजेपी का कहना है कि आतिशी ने बंगले पर अवैध कब्जा किया है। पूरा विवाद तब सामने आया जब अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया।





### विजेंद्र गुप्ता ने बंगला सील करने की उठाई थी मांग

आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि अधिकारी प्रोटोकॉल की अवज्ञा कर बीजेपी के दबाव में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगला आवंटित नहीं कर रहे। ये हाल तब है जबकि अरविंद केजरीवाल इसे खाली कर चुके हैं। इस बीच, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री पर गैरकानूनी ढंग से बंगले में रहने का आरोप लगाया और मांग की कि इसे सील किया जाए।

### सीएम हाउस खाली तो हुआ लेकिन पीडब्ल्यूडी को नहीं सौंपी चाबियां

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पिछले हफ्ते तक इसी आवास में रह रहे थे। उन्होंने इस्तीफा देने के तीन हफ्ते बाद यह बंगला खाली किया था। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, इस बंगले की चाबी आतिशी के पास थी लेकिन उन्हें इसका आधिकारिक अलॉटमेंट लेटर नहीं दिया गया था।
दिल्ली में मुख्यमंत्री के लिए कोई निश्चित आधिकारिक आवास नहीं है। साल 2015 से अरविंद केजरीवाल इस घर में रह रहे हैं। इसमें साल 2020-21 में दोबारा से काम किया गया था, जिसके बाद इसपर खर्च हुई राशि को लेकर विवाद हुआ था।

### शीशमहल पर अवैध कब्जे पर हुई कार्रवाई : नेता प्रतिपक्ष

उधर, दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग की इस कार्रवाई पर दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा है कि शीशमहल पर अवैध कब्जे पर कार्रवाई की गई है। हमारी मांग को पूरा किया गया है और शीशमहल के सील होने पर हम दिल्लीवासियों को गर्व है।





## हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की नागरिकता के मामले में स्वामी को दिया समय

### » सुनवाई के दौरान कोर्ट में क्या हुआ?

**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024(ए)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने भाजपा नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में लंबित याचिका की प्रति दाखिल करने के लिए बुधवार को कुछ और समय दिया। स्वामी ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने उस याचिका की एक कॉपी प्राप्त कर ली है और इस केस में की गई प्रार्थनाएं उनके केस की दलीलों से भिन्न हैं।

### अगली सुनवाई 6 नवंबर को

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने याचिकाकर्ता से पिछले आदेश का पालन करने के लिए कहे गए दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रूप में दाखिल करने को कहा और उनकी याचिका को 6 नवंबर को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

### कोर्ट ने क्या कहा..?

बेंच स्वामी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें उन्होंने गृह मंत्रालय को राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग करने वाले उनके आवेदन पर निर्णय लेने के लिए निर्देश देने की मांग की है। स्वामी ने अपनी याचिका में गृह मंत्रालय को लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी के खिलाफ उनके द्वारा दायर अभ्यावेदन पर स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देने की भी मांग की। शुरुआत में स्वामी ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में लंबित मामले का उनके मामले से कोई लेना-देना नहीं है और प्रार्थनाएं पूरी तरह से अलग हैं। इस पर पीठ ने कहा, 'ठीक है, हम देखेंगे।'

## देश की संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा में जीत की हैट्रिक के बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज



**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में जीत की हैट्रिक के बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की तैयारी तेज कर दी है। आज उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महाराष्ट्र के लोगों को संबोधित किया और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस का फार्मूला बाटों और सत्ता हासिल करना है। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने रोजगार, जवान, किसान और संविधान जैसे मुद्दे लेकर बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोला था, लेकिन जनता ने एक बार फिर बीजेपी पर भरोसा जताया। वहीं अब बीजेपी ने महाराष्ट्र में नवंबर महीने होने जा रहे चुनाव से पहले विपक्ष पर निशाना साधना शुरू कर दिया है।

### हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस की हार पर ओवैसी ने दिया बड़ा बयान



**हैदराबाद,09 अक्टूबर 2024(ए)।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे परअसदुद्दीन औवैसी ने कहा, हमें जो लोग गाली देते थे कि हमारे चुनाव लड़ने से भाजपा को फायदा हो रहा है लेकिन इस बार तो हम चुनाव ही नहीं लड़ रहे थे तो भाजपा कैसे जीत गई?...अब जब भाजपा वहां(हरियाणा) जीत गई तो इसका जिम्मेदार कौन है? कांग्रेस पार्टी को 10 साल की विरोधी लहर का फायदा उठाना चाहिए था, लेकिन उनके अंदरूनी मतभेदों के कारण भाजपा को फायदा हो गया। चुनावी जंग में अगर आप भाजपा को थोड़ा भी मौका देते हैं तो भाजपा उसका फायदा उठाती है।

## सरकार ने गरीबों को दिया दशहरा का तोहफा

### » देश में 2028 तक मिलेंगे मुफ्त चावल

**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024(ए)।** केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों गरीबी लोगों को दशहरा के मौके पर शानदार गिफ्ट दिया है। अब सरकार देश में मुफ्त चावल भी बांटेगी। इसके लिए कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है. इसकी शुरूआत जुलाई 2024 से होगी, जो दिसंबर 2028 तक जारी रहेगी। सरकार ने इस स्कीम में 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने का ऐलान किया है। आपको भी बताते हैं कि आखिर कैबिनेट की ओर से किस तरह के ऐलान हुए हैं।

### फ्री में बांटा जाएगा चावल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत 17,082 करोड़ रुपए के बजट से वर्ष 2028 तक पौष्टिक तत्वों से भरपूर चावल की मुफ्त सप्लाई जारी रखने का बुधवार को फैसला किया. पौष्टिक तत्वों से भरपूर यानी फोर्टिफाइड चावल लोगों में खून की कमी (एनीमिया) के समाधान और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए अहम माना जाता है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।



### दिसंबर 2028 तक मिलेंगे फ्री चावल

सरकार ने कहा कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक फोर्टिफाइड चावल की मुफ्त आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है. सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के लिए कुल वित्तीय योजना 17,082 करोड़ रुपए की होगी. इस व्यय का पूरा वित्तपोषण केंद्र सरकार करेगी।

### इस स्कीम का असल मकसद

2019 और 2021 के बीच किए गए नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5) के अनुसार, भारत में एनीमिया एक व्यापक मुद्दा बना हुआ है, जो विभिन्न आयु समूहों और आय स्तरों के बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को प्रभावित कर रहा है। आयरन की कमी के अलावा, विटामिन बी12 और फोलिक एसिड जैसी अन्य विटामिन और खनिज की कमी भी बनी रहती है, जिससे आबादी के समग्र स्वास्थ्य और उत्पादकता पर असर पड़ता है।
कमजोर आबादी में एनीमिया और कुपोषण को दूर करने के लिए ग्लोबल लेवल पर पोष्टिक फूड देने जैसे उपाय किए जा रहे हैं। भारतीय संदर्भ में माइक्रो न्यूट्रिएंट्स कंपोनेंट की सप्लाई के लिए चावल एक आदर्श माध्यम है क्योंकि भारत की 65 फीसदी आबादी मुख्य भोजन के रूप में चावल की खाती है. चावल फोर्टिफिकेशन में नियमित चावल (कस्टम मिल्ड राइस) में एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार माइक्रो न्यूट्रिएंट्स कंपोनेंट(आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12) से समृद्ध फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) को शामिल करना शामिल है।



## रामलीला मंचन के दौरान जेसीबी हुआ बेकाबू

**भदोही,09 अक्टूबर 2024(ए)।** यूपी के भदोही में रामलीला मैदान में एक जेसीबी बेकाबू हो गई। जिसकी चपेट में आने से बैंड बाजे का एक मजदूर बुरी तरह से घायल हो गया है। हादसे के बाद रामलीला मैदान में भगदड़ मच गई और लोग भाग खड़े हुए। आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए गोपीगंज के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। ये घटना कोइरौना थाना क्षेत्र के इनारगाँव का है। रविवार की रात रामलीला मंच पर सीता स्वयंवर का मंचन किया जा रहा था। सीता स्वयंवर के मंचन में धनुष तोड़ने के लिए जेसीबी से पेटू राजा को रामलीला मंच तक लाया जा रहा था जेसीबी के आगे बैंड बाजा भी चल रहा था इसी बीच मंच के समीप पहुंचते ही चालक जेसीबी से नियंत्रण खो बैठा और जेसीबी बेकाबू हो गई। जेसीबी झालर और ट्यूबलाइट की पोल को तोड़ते हुए आगे चल रहे बैंड बजाने वाले रमेश गौतम को अपने चपेट में लें लिया जिससे रमेश गौतम बुरी तरह घायल हो गया। जिससे रामलीला मैदान में भगदड़ मच गया।

## स्पा सेंटर पर टीना डाबी की छापेमारी से हड़कंप

### नजारा देख हैरान रह गए अफसर



**बाड़मेर,09 अक्टूबर 2024 (ए)।** राजस्थान के बाड़मेर की कलेक्टर टीना डाबी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। सफाई अभियान में जुटीं कलेक्टर टीना डाबी ने अचानक शहर के एक स्पा सेंटर पर छापा मार दिया। इस दौरान वहां से 4 लड़कियों और दो लड़कों को पुलिस ने आपत्तिजनक हालत में पकड़ा है। डाबी के स्पा सेंटर में पहुंचते ही भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नवो बाड़मेर अभियान के तहत शहर के चौहटन चौराहे से चामुंडा चौराहे तक सफाई अभियान चलाया जा रहा था। नेशनल हाईवे 68 के किनारे जैसे ही प्रशासनिक अधिकारी चामुंडा चौराहे के पास पहुंचे। अचानक एक स्पा सेंटर के संचालक ने हड़बड़ाकर दरवाजा बंद कर दिया। यह देखकर कलेक्टर को शक हुआ तो अधिकारियों के साथ वह स्पा सेंटर पर पहुंच गई। उन्होंने दरवाजा खोलने को कहा लेकिन ऐसा नहीं किया गया।
काफी देर तक जब संचालक ने दरवाजा नहीं खोला तो गेट तोड़कर अधिकारी अंदर पहुंचे। इसके बाद स्पा सेंटर में लड़के-लड़कियां इधर-उधर भागने लगे। लड़कियों ने अपना चेहरा तौलिए से ढंक लिया तो एक लड़की फूट-फूटकर रोने लगी। स्पा सेंटर के अलग-अलग कमरों से 6 लड़के-लड़कियां पकड़े गए। पुलिस इन्हें कोतवाली ले गई।


## देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीता चुनाव



**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024 (ए)।** हरियाणा की हिसार विधानसभा सीट से सावित्री जिंदल चुनाव जीत गई हैं। सावित्री जिंदल देश की सबसे अमीर महिला हैं। उनके बेटे और उद्योगपति नवीन जिंदल बीजेपी में हैं। इसके बावजूद पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। इसके बाद सावित्री जिंदल ने बतौर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ने का फैसला किया था। चुनाव जीत कर उन्होंने बीजेपी के उन्हें टिकट ना देने के फैसले को गलत साबित कर दिया है। चुनाव जीतने के बाद सावित्री जिंदल ने विधानसभा समर्थन को लेकर बड़ा फैसला किया है।

### भाजपा उम्मीदवार रहा तीसरे नंबर पर

सावित्री जिंदल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के राम निवास रारा को 18 हजार से अधिक वोटों से हराया है। वहीं इस सीट पर बीजेपी उम्मीदवार कमल गुप्ता तीसरे नंबर पर रहे। चुनाव आयोग के मुताबिक सावित्री जिंदल को कुल 49,231 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस के राम निवास रारा को 30,290 वोट मिले। निर्दलीय उम्मीदवार ने उन्हें 18,941 वोटों से हराया है। इसके अलावा बीजेपी के डॉ. कमल गुप्ता को 17,385 वोट मिले हैं। इस सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजय सतरोदिया के खाते में महज 2001 वोट ही आए हैं।



## सेक्स रैकेट का हुआ पर्दाफाश

### थाईलैंड की लड़कियों को देखकर दंग रह गई पुलिस

**ठाणे,09 अक्टूबर 2024 (ए)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे दो हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। यहां से थाईलैंड की दो लड़कियों के साथ नौ महिलाओं को रिहा कराया गया है। इस मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। जिले के कपूरबावड़ी और चितलसर थाने में बीएनएस की धारा 143 और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत केस दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच जारी है। सहायक पुलिस निरीक्षक सुनील तरमाले ने बताया कि एक मॉल के अंदर सेक्स रैकेट चलाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच की एक टीम ने मंगलवार को उस जगह पर छापा मारा, जहां पर देहव्यापार चल रहा था। इस धंधे को चलाने वाली 2 महिलाओं समेत 4 लोगों के खिलाफ कपूरबावड़ी थाने में केस दर्ज की किया गया। यहां से बचाई गई महिलाएं,कर्मचारी के तौर पर काम करती थीं,उनसे जबरन धंधा कराया जाता था। इस एफआईआर में स्पा मालिक सुधांशु कुमार सिंह,कर्मचारी राहुल गायकवाड़ (19), स्पा चलाने वाली एक महिला और एक अन्य 26 वर्षीय महिला का नाम शामिल है। राहुल गायकवाड़ और 26 वर्षीय महिला को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया,जबकि अन्य दो की तलाश जारी है।

## बर्थडे पर केक खाना पड़ा भारी, माता-पिता की हालत गंभीर,बेटे ने तोड़ा दम

**बेंगलुरु,09 अक्टूबर 2024(ए)।** बेंगलुरु के भुवनेश्वरी नगर इलाके में बर्थडे पर केक खाने से 5 साल के जिस बच्चे की मौत हुई थी, उसमें नया मोड़ सामने आया है। पुलिस ने बताया है कि बच्चे और उसके माता-पिता ने केक खाने के बाद फ्रिज में रखा नॉनवेज फूड और पुराने फंगस लगे पापड़ को कैचअप के साथ खाया था। इसी वजह से ये लोग फूड प्वॉइजनिंग का शिकार बने। हालांकि अभी केक के सैंपल की फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट नहीं आई है। बच्चे के माता-पिता की हालत भी गंभीर है, उन्हें भी आईसीयू में रखा गया है। पुलिस इंस्पेक्टर रवि प्रकाश ने बताया कि बच्ची की मौत कैसे हुई, इस मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि परिवार ने दो अक्टूबर को





अमावस्या के दिन बनाए गए नॉनवेज फूड को 6 अक्टूबर को खाया था। इसके अलावा उन्होंने फंगस लगे हुए कुछ पुराने पापड़ भी खाए थे। जिस बच्चे की मौत हुई है, उसने पापड़ को कैचअप के साथ खाया था। अधिकारी ने ये भी कहा कि जिस केक को खाने से बच्चे की मौत कही जा रही है। उस बच्चे के पिता ने बताया है कि इस केक को और भी कई लोगों ने खाया, लेकिन उन्हें किसी तरह की कोई समस्या नहीं हुई। इस मामले में केपी अग्रहारा पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में बच्चे का मामला दर्ज कर लिया है और बासे भोजन, पुराने पापड़ के साथ केक का सैंपल टेस्टिंग के लिए भेज दिया है। जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है।

## संपादकीय

### लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे

कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए।वैसे चर्चा पहले से थी, लेकिन अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि मारन को अपना औपचारिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। ठीक उसी तरह जैसे उनके पिता एम। करुणानिधि ने स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाया था। करुणानिधि ने अपनी दूसरी संतानों को भी राजनीति में यथासंभव स्थापित करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाई। उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बना दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे एक स्वाभाविक घटना के रूप में लिया गया है। यहां तक कि अखिलेश यादव सहित कुछ नेताओं ने उदयनिधि को बधाई भी दी है। अखिलेश खुद अपने पिता का उत्तराधिकार संभाल रहे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अजीबोगरीब कहानी है। आज देश का नक्शा लेकर राज्य दर राज्य नजर डालिए, तो ऐसे उत्तराधिकारी हर जगह नजर आएंगे! ऐसी घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि अब वैसा गुस्सा नजर नहीं आता, जिसकी कभी कांग्रेस को भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।जब इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में संजय गांधी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में आगे बढ़ाना शुरू किया, तो समाज में उसको लेकर एक तरह की वितृष्णा देखी गई। एक विमान हादसे में संजय गांधी की मौत के बाद जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को उनकी पायलट की नौकरी छुड़वा कर राजनीति में खींच लाईं, तो यह वितृष्णा और बढ़ी। जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाया गया, तो अनेक लोगों ने कहा था कि यह घटना भारतीय नागरिकों को प्रजा' बना देना है।कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए। भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियां ही शायद ऐसे दल बचे हैं, जहां सर्वोच्च स्तर पर वंश के आधार नेतृत्व तय नहीं हुआ है। हालांकि निचले स्तर पर वहां भी ऐसी मिसालें कम नहीं हैं। इस तरह चुनावी लोकतंत्र में सामंतवाद की वापसी हो गई है। अब चुनावों में सवाल सिर्फ यह रह गया है कि लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे!

# जातिवाद को नकारा,क्षेत्रीय पार्टियां पूरी तरह साफ



प्रियंका सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा






हरियाणा के जनादेश ने देश को एक बड़ा संकेत दिया है, उसकी तरफ़ भी लोगों को ध्यान देना चाहिए। हरियाणा में क्षेत्रीय पार्टियां पूरी तरह साफ़ हो गई हैं। हरियाणा ने फिलहाल क्षेत्रवाद और जातिवाद को नकार दिया है। जनता ने चुप रहकर सबका हित चाहने वालों को दिया वोट। पब्लिक सब जानती है किस में और कहाँ है कितना खोट। कांग्रेस ने दो दिन खूब खुशियाँ मनाई, किसने रोका था, मना भी लेनी चाहिए। लेकिन अतिआत्मविश्वास बहुत घातक होता है, जो कांग्रेस के सर चढ़कर बोला दो दिन। इनको क्या पता था कि बिस्मार्क को पटकनी देगी बीजेपी। शाह की चाल बड़ी शांत है, मगर विजेता जैसी है। कौटिल्य भी हरियाणा के परिणाम देखकर सोच रहे होंगे कि मैं क्या पढ़ना भूल गया। एग्जिट पोल ने जैसी हवा छोड़ी, वह बिलकुल उल्टा हुआ है। इसका मतलब मीडिया और उसकी एजेंसियाँ जनता के हित में काम क्यों नहीं कर रही या इनको केवल अपनी टीआरपी और विज्ञापनों से मतलब है। ये एक तरह से धंधा है, इनको ये सब अफवाह फैलाने का पैसा मिलता होगा। एग्जिट पोल वालों कभी तो सही पोल दिखाओ,कांग्रेस वालों को डर था कि लोकसभा वाले एग्जिट पोल की तरह ये भी झूठ ना हो और झूठा साबित हो गया। खुले आम सट्टा चला, क्या ये कानून सही है? अगर नहीं, तो एजेंसियाँ इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करतीं?

2019 की तरह हरियाणा में एग्जिट पोल फिर फेल। साल 2019 के हरियाणा चुनावों में एग्जिट पोल ने अनुमान लगाया था कि भाजपा को 61 सीटें मिलेंगी जबकि कुछ एग्जिट पोल में 75-80 सीटों जीतने का भी अनुमान लगाया गया था। हालांकि नतीजे बिल्कुल अलग आए। एग्जिट पोल्स के अनुमान में हरियाणा में कांग्रेस को भारी जीत बताई गई। हालांकि यह सारे अनुमान मंगलवार को धराशायी हो गए। हरियाणा में भाजपा बड़ी पार्टी बनकर उभरी। पूरे हरियाणा में मंगलवार को पहले 1 घंटे जलेबी बिकी और बाद में पूरा दिन पकौड़े बिके। दुकानदार के मजे ही मजे। हरियाणा में जबकि कांग्रेस के 90 में से 60 सीटें जीतने का दावा धराशायी हो गया। हरियाणा में भाजपा 90 में से 47 से ज्यादा सीटों पर बढ़त के साथ बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हालांकि एग्जिट पोल के सभी अनुमान मंगलवार को विधानसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट आने के बाद धराशायी हो गए। हम सभी एग्जिट पोल्स ने, जिन्होंने मतदान के बाद हरियाणा में कांग्रेस को बहुमत मिलना बताया था। आठ में से एक भी एग्जिट पोल की भविष्यवाणी सच साबित नहीं हुई है। सभी एग्जिट पोल्स में भाजपा पार्टी को 20 से 30 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था, जबकि कांग्रेस को पूर्ण बहुमत दिया गया था। इस साल के लोकसभा चुनाव में अधिकांश एग्जिट पोल ने भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बंपर जीत की भविष्यवाणी की थी। साथ ही अनुमान लगाया था कि भाजपा अकेले अपने दम पर बहुमत के आंकड़े से कहीं ज्यादा सीटें जीतेगी जिसमें एनडीए को 361 से 401 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था। हालांकि,एग्जिट पोल के परिणाम गलत साबित हुए। एनडीए को 293 सीटें मिलीं और भाजपा के खाते में 240 सीटें आईं। आज से बीस दिन पहले मैंने अनुमान लगाया था कि हरियाणा में बीजेपी 47 से ज्यादा सीट्स लेगी और ये बिलकुल सच साबित हो रहा है। कारण बीजेपी ने हर वर्ग के लिए अपना शत प्रतिशत दिया। जनता को वो सब मिला जो जनता चाहती थी। कुछ कमियाँ थीं जो सैनी साहब ने आकर पूरी कर दीं। मुझे लगता है कि ये कमियाँ थोड़ा और पहले पूरी की होतीं तो बीजेपी और ज्यादा सीटों के साथ आती। खैर, विपक्ष भी जरूरी होता है लोकतंत्र में ताकि सत्ता की आंखें खुली रहें, वो धृतराष्ट्र न बन जाएँ। कांग्रेस ने दो दिन खूब खुशियाँ मनाई, किसने रोका था, मना भी लेनी चाहिए। लेकिन अति आत्मविश्वास बहुत घातक होता है, जो कांग्रेस के सर चढ़कर बोला दो दिन। इनको क्या पता था कि बिस्मार्क को पटकनी देगी बीजेपी। शाह की चाल बड़ी शांत है, मगर विजेता जैसी है। कौटिल्य भी हरियाणा के परिणाम देखकर सोच रहे होंगे कि मैं क्या पढ़ना भूल गया। एग्जिट पोल ने जैसी हवा छोड़ी थी, वह बिलकुल उल्टा हुआ है। इसका मतलब मीडिया और उसकी एजेंसियाँ जनता के हित में काम क्यों नहीं कर रही या इनको केवल अपनी टीआरपी और विज्ञापनों से मतलब है। ये एक तरह से धंधा है, इनको ये सब अफवाह फैलाने का पैसा मिलता होगा। एग्जिट पोल वालों कभी तो सही पोल दिखाओ,कांग्रेस वालों को डर था कि लोकसभा वाले एग्जिट पोल की तरह ये भी झूठ ना हो और झूठा साबित हो गया। खुले आम सट्टा चल रहा है, क्या ये कानून सही है? अगर नहीं, तो एजेंसियाँ इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करतीं?

जात-पात की राजनीति अब चुनाव में जीत की गारंटी नहीं, चुनाव में राजनीतिक दलों ने जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए ही उम्मीदवार उतारे थे, मगर जाट और गैर जाट का फैक्टर ज्यादा काम नहीं कर पाया और मतदाताओं ने अच्छी छवि वाले दूसरी जातियों के प्रत्याशियों को भी चुनकर विधान सभा भेजा। मोदी लहर पर सवार भाजपा ने इसका पूरा लाभ उठाते हुए न केवल चुनाव में 48सीटें जीती, बल्कि विधानसभा चुनाव में भी सबसे ज्यादा सीटें हासिल करते हुए प्रदेश में सरकार बनाई है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का जिंदा रहना जरूरी है। ताकि सामाजिक मुद्दों पर सामाजिक न्याय सभी को मिल सके। साथ ही क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में तीव्रता आ सके। राजनीति सामाजिक बदलाव के आयामों पर होनी चाहिए। जैसे नौकरी, व्यवसाय, रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा, इन सब पर कौन सी राजनीतिक पार्टी खरी उतरती है, ये भविष्य के गर्भ में चुनाव से सिद्ध होती है। चौधर के तो लात मार दी भाइयो हरियाणा की जनता ने...36 बिरादरी की सरकार बनेगी, हरियाणा ने सिद्ध कर दिया है कि अभी भी वहां की मिट्टी में कुरुक्षेत्र की भावना शेष है। हरियाणा की जनता की समझ की बदौलत भाजपा तीसरी बार आ चुकी है। हरियाणा के जनादेश ने देश को एक बड़ा संकेत दिया है, उसकी तरफ़ भी देश भर के लोगों को ध्यान देना चाहिए। हरियाणा में क्षेत्रीय पार्टियां पूरी तरह साफ़ हो गई हैं। हरियाणा ने फिलहाल क्षेत्रवाद और जातिवाद को नकार दिया है।जातिवाद को नकारने वालों को हृदय से प्रणाम।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# क्या जरूरी है एनर्जी ड्रिंक ?



वीरेंद्र बहादुर सिंह
नोएडा (उत्तरप्रदेश)

पिछले कुछ महीनों से देश और दुनिया में मौसम खासा अराजक सा हो गया है। दुबई और मस्कत जैसे रेगिस्तानी प्रदेशों में धुआंधार बरसात हुई है तो अमेरिका और यूरोपीय देशों में भीषण तूफान और दावानल देखने को मिला है। अगर अपने देश की बात करें तो देश के अनेक हिस्सों में खूब बरसात हुई। कहीं कहीं एक साथ दो ऋतुएं देखने को मिलीं। परिणामस्वरूप लोग तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हुए। कहीं लोग डेंगू से परेशान रहे तो कहीं लोगों को डायरिया ने परेशान कर दिया। इस साल उत्तर प्रदेश में अधिक गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन यानी कि शरीर में पानी की कमी के तमाम मामले सामने आए। ऐसे में डाक्टर पेशेंटों को ओआरएस और ग्लूकोज पीने की सलाह देते रहे।चिकित्सीय भाषा में जिसे इलेक्ट्रोलाइट्स कहते हैं, इसकी मांग कुछ समय से खूब बढ़ी है। वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन के एक समाचार के अनुसार 2023 इलेक्ट्रोलाइट्स की मांग 36 अरब 56 करोड़ डालर्स की थी। यह बढ़ कर इस साल 2024 में 40 अरब 36 करोड़ डालर्स की हो गई। इसके अलावा इस साल फ्रांस में ओलम्पिक्स खेल होने के बाद एनर्जी ड्रिंक कहे जाने वाले इलेक्ट्रोलाइट्स की मांग खासी बढ़ गई है। इस बारे में बात करने के पहले इलेक्ट्रोलाइट्स क्या है, यह जान लेना जरूरी है।

रचना करने वाले ने हर व्यक्ति को उसके शरीर के अलग-अलग अंग-उपांग ठीक से काम करते रहें, इसके लिए शरीर में ही तमाम तरह के खनिज दिए हैं, जैसेकि पोटैशियम मैग्नेशियम, कैल्शियम, सोडियम (जिसे हम नमक कहते हैं), क्लोराइड, बायोकार्बोनेट आदि। ये खनिज शरीर में जरूरी तरल तत्वों की समानता को बनाएं रखते हैं। इसके अलावा ये खनिज मांसपेशियों और कोशिकाओं को मजबूती देते हैं, दिमाग की कार्यक्षमता को बनाए रखते हैं। वैसे तो रोजाना पसीने द्वारा तमाम खनिज शरीर से निकल जाते हैं। अधिक मेहनत के कारण निकलने वाला पसीना, थकान, लंबी यात्रा आदि के कारण और बीमारी की वजह से भी ये खनिज घट जाते हैं। इन्हें पूरा करने के लिए ही हमें डाक्टर इलेक्ट्रोलाइट्स लेने के लिए कहते हैं। ग्लूकोज का पाउडर, ओआरएस आदि ऐसे पदार्थ हैं, जो पानी में घुल कर खास तरह की ऊर्जा पैदा करते हैं। ये पेय शरीर में जा कर कम हुए खनिज को पूरा करते हैं। खास कर खिलाड़ियों को थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ पीते हुए देखा होगा। वह एनर्जी ड्रिंक या इलेक्ट्रोलाइट्स होता है। एक अभिप्राय के अनुसार इन पेय में एक या दूसरे प्रकार का सोडियम (नमक) होता है। यहीं इसकी मर्यादा को ध्यान में रखना चाहिए। लगातार हो रहे शोध के कारण डाक्टर कहते हैं कि नमक और शक्कर ये दोनों सफेद जहर हैं। हर तनदुरुस्त व्यक्ति को इन दोनों सफेद जहर से मुक्त रहना चाहिए। दूसरी ओर बाजारू नाश्ता, खाद्य पदार्थ, ठंडा पेय आदि में प्रिजर्वेटिव रूप से सोडियम अर्थात नमक मिलाया जाता है। यह प्रिजर्वेटिव स्वास्थ्य को लंबे समय में नुकसान करता है। ऐसा ही कुछ हद तक हेल्थ ड्रिंक के बारे में कहा जा सकता है। बेहतर यही होगा कि किसी भी तरह का हेल्थ ड्रिंक लेते समय सोचना चाहिए कि इस ड्रिंक की हमारे शरीर को कितनी जरूरत है। वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन के विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले कुछ समय से हेल्थ कांश्यसनेस यानी की तनदुरुस्ती के बारे में लोगों में चेतना बढ़ी है यानी युवा जिम जाते हैं तो जरूरी हो या न हो, साथ में एनर्जी ड्रिंक साथ ले कर जाते हैं। हकीकत में अगर आप के शरीर को जरूरत न हो तो एनर्जी ड्रिंक नहीं लेना चाहिए। हमारे रोज के आहार



में नमक तो होता ही है।विशेषज्ञों का कहना है कि शरीर को जरूरत न हो और आप देखादेखी विटामिन्स की गोलियां लेंगे तो ये फायदा करने के बजाय नुकसान करेंगी। अधिक सोडियम के कारण हार्ट या किडनी को प्रतिकूल असर हो सकता है। हकीकत में प्रकृति ने ऐसी व्यवस्था की है कि आप एक से डेढ़ लीटर सादा पानी पीते रहें तो भी आप की जरूरत पूरी होती रहेगी। इसके लिए एनर्जी ड्रिंक लेने की जरूरत नहीं होगी। वायरल फीवर हो, अधिक उमस के कारण पसीना खूब होता हो, असह्य सिर दर्द हो तो एक गिलास ठंडा पानी आप को राहत पहुंचा सकता है। पानी से राहत मिल रही हो तो बाजारू हेल्थ ड्रिंक लेने की क्या जरूरत है। बाजार में दर्जन भर हेल्थ ड्रिंक मिलते हैं, इनसे आप को क्या लाभ होगा, आप कहां पता करने जाएंगे। इसलिए आपके लिए एक गिलास ठंडा पानी बेहतर है।

# जोर जबरदस्ती केवल बलात्कार है,मैरिटल रेप कानून विवाद



घटती-घटना
केशी गुप्ता
द्वारका नई दिल्ली

एक लंबे समय से विवाह उपरांत पति द्वारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने को मैरिटल रेप के अंतर्गत कानून संहिता में शामिल करने पर विचार विमर्श किया जा रहा है । इस मुद्दे को लेकर देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। केंद्र सरकार ,राज्य सरकार तथा अनेकों संस्थाओं इत्यादि द्वारा इस पर वाद विवाद बना हुआ है। विश्व में ऐसे बहुत से देश हैं जिसमें मैरिटल रेप को कानून में शामिल किया गया है। परंतु भारतीय कानून व्यवस्था में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि विवाह के पश्चात पति या उसके परिवार द्वारा किए गए मानसिक, शारीरिक उत्पीड़न इत्यादि को लेकर कई तरह के कानून है। इस मुद्दे पर बात करने से पहले हमें यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर बलात्कार क्या है? किसी भी तरह की जोर जबरदस्ती द्वारा शारीरिक संबंध बनाने को बलात्कार कहा जाता है। यह एक अमानवीय घिनौना अपराध है। यदि कोई नारी शारीरिक संबंध बनाने में अपनी सहमति नहीं देती है, ऐसे में उस से की गई जबरदस्ती बलात्कार है। चाहे वह स्त्री विवाहित हो या अविवाहित । भारतीय संस्कृति में विवाह को समाज की व्यवस्था से इस तरह जोड़ा गया है कि इसे पवित्र बंधन की तरह देखा जाता है। यह प्रथा न सिर्फ दो लोगों को विवाह बंधन में बंधती है बल्कि दो परिवारों और समाज की व्यवस्था को सुचारित करती है। यदि हम इस पवित्र रिश्ते पर विचार करें तो यह पवित्र बंधन दो शरीरों का मिलन नहीं बल्कि आपसी सामंजस्य और आत्माओं का मिलन है । ऐसे में यदि यह रिश्ता केवल शारीरिक जरूरत की नजर से देखा जाए तो यह कतई न्याय संगत नहीं होगा । विवाह से कतई यह मतलब नहीं है कि कोई व्यक्ति अपने पार्टनर के साथ




किसी भी तरह की जबरदस्ती करने के लिए स्वतंत्र है । किसी भी तरह का शारीरिक मानसिक उत्पीड़न यदि अपराध है तो जबरदस्ती से किया गया संभोग भी अपने आप में एक जघन्य अपराध है। विवाह संभोग का लाइसेंस नहीं है। कुछ लोगों का मत है कि यदि इस मुद्दे को मैरिटल रेप की श्रेणी में रखा गया तो इसका दुरुपयोग होगा तथा यह साबित करना मुश्किल हो जाएगा कि यह है रेप है या नहीं। दूसरी तरफ यदि हम इस मुद्दे की गंभीरता को समझे और देखें तो किसी भी तरीके के बलात्कार को साबित करना एक चुनौती है। अक्सर बलात्कारी दावों सबूतों गवाहों इत्यादि की वजह से कानून मुक्त हो आजादी से घूमते नजर आते हैं। यही वजह है कि समाज में बलात्कार के किस्से दिन प्रतिदिन बढ़ते चले जा रहे हैं । बलात्कार को साबित करने के लिए मेडिकल जांच का सहारा लिया जाता है क्योंकि जबरदस्ती से बनाए शारीरिक संबंध और प्रेमलिप्त (मर्जी से किए) संभोग में अन्तर किया जा सकता है । संकीर्ण सोच के वो लोग जो आज भी नारी को केवल संभोग की वस्तु समझते हैं या उसे पर अपना आधिपत्य समझते हैं, अपने पुरुषोत्व को साबित करने के लिए बलात्कार का सहारा लेते हैं । ऐसे बहुत से किस्से सामने आते है जिनमें वैवाहिक पुरुष अपनी पत्नियों को दबाने या उन्हें दंडित करने के लिए भी उनके साथ बिना उनकी सहमति के संभोग करते हैं ।जो बलात्कार का ही रूप है। फिर क्यों इस मुद्दे पर इतना सोच विचार किया जा रहा है? कोई भी विवाहित स्त्री यदि अपने परिवार अपने पति से खुश है तो वह मैरिटल रेप जैसे कानून का सहारा कतई नहीं लगी। यह कहना गलत नहीं होगा कि एक तरफ जहां नारी को सशक्त करने की बातें होती हैं वही दूसरी तरफ उसके व्यक्तित्व को उभरने नहीं दिया जाता है। चाहे समय कितना भी बदल गया हो आज हम कितने भी आधुनिक हो गए हो, नारी पढ़ी लिखी, कामकाजी बन गई हो मगर समाज आज भी एक दोहरे रूप में सांस ले रहा है। जहां मानवीय मूल्यों का हनन हो रहा है । देश में आए दिन बलात्कार की केस बढ़ते चले जा रहे हैं। आज हमें यह समझने की जरूरत है कि कानून इतना लचीला नहीं होना चाहिए की अपराधी को अपराध का खौफ न हो और वह उसके साथ खेल सके, उसका गलत फायदा उठा सके। समाज की नींव को मजबूत करने के लिए समाज में पनप रही कुरीतियों का हनन बेहद जरूरी है । आदमी और औरत दोनों ही सामाजिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक है तथा उन में सामंजस्य होना जरूरी है ।

## क्या आपने भगवान देखा है



गरिमा राकेश गर्विता
कोटा,राजस्थान

क्या आपने भगवान देखा है?
क्या आपने भगवान देखा ?
देखा या नही आपको पता नही ,
पर मैंने भगवान को देखा है ।
जब शारीरिक व मानसिक
पीड़ा के घोर दलदल में फंसी मैं
अंतर्मन से रो रही थी,
तब एक सौम्य छवि ने
सर पर हाथ रखा था
और कहा था कुछ नही होगा तुम्हें
सब ठीक हो जाएगा
और उसके बाद सच में सब ठीक ही हुआ
उसके बाद मैंने उस छवि में
भगवान के सिवाय कुछ नही देखा
और आज भी जब भी मैं
पीड़ा में होती हूँ
भगवान मेरे पास होते हैं
मैं भगवान को देखती हूँ
आपका पता नही
पर मैं भगवान को देखती हूँ ।

## खेत के धानी झमाझम लागे



घटती-घटना
अशोक पटेल
धमतरी(छत्तीसगढ़)

खेत के धानी झमाझम लागे
खेती के धानी हर झमाझम लागय
दाई अन्नपूरना ह अब प्रगट लागय,
अगरी के अगरी करपा हर माढ़य
दाई किसानीन के भाग हर जागय।
गाड़ा के भर-भर, भारा हर बंधाए
बियांरा म खरही धान गनजावय,
मंझ बियांरा म खूंटा हर गड़यावय
सुग्घर बईला के हे दंवरी फन्दावय।
रास कुढ़ागे हे बियांरा के भर-भर
फूल-गोंदा पिंवरी सुग्घर हे चढ़ाए,
मोखरा काँटा म नजर हे उतारय
पैरा काजर म सुग्गर टिका लगाए।
आगे हे देवारी-सुरहुत्ती जेठऊनी
घर-अंगना, तुलसी-लक्ष्म बिराजे
गौरा-गौरी के लगन ह अब धरागे
दुलहा महादेव जी के बरात आगे।
कुहकी सँग दोहा मारय पहटईया
अपन गोरईया के माथ नवावय,
दया-मया हर बरमासी राहय तोर
मातर-मड़ई म तोर किरपा राहय।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

## बाल कहानी
# सबक



घटती-घटना
टीकेश्वर सिन्हा
बालोद(छत्तीसगढ़)

यशु सुबह उठा। दौड़ते हुए बाथरूम गया। वापस आया। देखा, मम्मी किचन में व्यस्त है। गरम-गरम रोटियाँ सेंक रही है। उसका मन ललचा गया। बोला- मम्मी ! मुझे बड़ी जोर से भूख लगी है। तभी उसकी नजर पतीली की चाय पर पड़ी। वह भी गरम। मस्त भाप निकल रहा था। इलाइची की खुशबू थी।
मम्मी बोली- ब्रश कर लिया है ?
हाँ मम्मी। हो गया मेरा ब्रश। यशु तपाक से बोला।
तू झूठ तो नहीं बोल रहा है ? इतना जल्दी तेरा ब्रश हो गया ?
हाँ। कर लिया ओ। यशु ने फिर आज भी रोज की तरह झूठ बोल दिया।
मम्मी ने यशु की बात मान ली- ठीक है। चलो बैठो चटाई पर। यशु फिर मम्मी को आज बुद्धू बना कर खुश था।
स्कूल का समय हुआ। घर से स्कूल पहुँचा। दोस्तों के साथ अपनी जगह पर बैठा। दो पीरियड हो गये। तभी एक मंजीत नाम के लड़के ने कहा-यशु, तुम मेरे पास मत बैठो यार।
यशु बोला- क्यों नहीं बैठूँगा ? ये तो मेरी जगह है। तुम्हें मेरे पास नहीं बैठना है तो,मत बैठो। मैं अपनी जगह पर बैठूँगा ही। दोनों में कहा-सुनी होने लगी। फिर हाथापाई पर उतर आये।
तभी अध्यापक को पता चला कि पाँचवी कक्षा के दो बच्चे झगड़ रहे हैं। कक्षा में आये। झगड़ने की वजह पूछते हुए कहा- क्या हुआ रे ? क्यों झगड़ रहे हो आपस में ?
यशु बोला- सर, मुझे अपनी जगह पर बैठने नहीं देता मंजीत।
क्यों रे मंजीत ? ऐसा क्यों करता है ? अध्यापक बोले।
मंजीत के चुप्पी पर उसे अध्यापक ने झिड़की लगाई-क्या बात है ? बताओ ना।
सर, यशु के पास बैठो तो,उसके मुँह से बदबू आती है। मंजीत झिझकते हुए बोला।
अध्यापक ने अपनी हँसी को दबाते हुए कहा-कैसे जी यशु,ब्रश-व्रश करता है कि नहीं ?
अध्यापक की बातें सुन यशु को अच्छा नहीं लगा। कुछ नहीं बोला।
क्यों यशु, मेरी बात सुनाई नहीं दी ? अध्यापक बोले।
करता हूँ सर जी,पर रोज नहीं करता। कहते हुए चुप हो गया। सर झुका लिया।
पहले अध्यापक ने मंजीत को समझाते हुए कहा कि छोटी-छोटी बात पर इस तरह नहीं झगड़ते। लड़ना-झगड़ना अच्छा नहीं होता। फिर यशु की पीठ पर हाथ फेरते हुए बोले-यशु ! अब तुम रोज सुबह सबसे पहले ब्रश करना। मुँह, हाथ-पैर ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर की साफ-सफाई बहुत जरूरी है। चलो, अपनी जगह पर बैठो।
यशु को आज की घटना से सबक मिला। उसे अपमानित महसूस हुआ। स्कूल की छुट्टी हुई। घर गया। अपनी मम्मी को पूरी बात बताई। मम्मी ने भी साफ-सफाई के बारे में समझाया।
दूसरे दिन यशु सुबह उठते ही ब्रश व टंग क्लीनर लेकर बाथरूम गया। यह देख मम्मी मुस्कुरा रही थी।




CMYK

# फिरौती वसूलने की लालच में 10 वर्षीय बच्चे की ले ली जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के तोरफा गांव में बाकलक का अपहरण कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। अरोपियों ने फिरौती वसूली की लालच में उसकी गला रेत कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने बताया कि बलंगी चौकी, थाना रघुनाथनगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तोरफा के मोरन नदी के किनारे घर से लापता बालक बृजेश पाल 10 वर्ष का शव क्षत विक्षत हालत में सोमवार को मिला था। शव का सिर और धड़ दोनों ही अलग-अलग जगह मिले थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वायड टीम को भी बुला जांच कराया था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी इसी आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मामले में धारा 137(2), 103(1), 238, 61(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।




एसपी ने बताया कि विवेचना दौरान संदेही रविपाल पिता अशोक पाल 19 वर्ष, ग्राम तोरका, थाना रघुनाथनगर से पूछताछ करने पर उसके द्वारा लगातार अपना बयान बदलते हुये पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिससे उस पर संदेह पुख्ता होने पर रविपाल तथा एक अन्य विधि से संघर्षरत बालक से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि 02 अक्टूबर की शाम जब मृतक गुम बालक के घर में कोई नहीं था तब विधि से संघर्षरत बालक द्वारा उसे खेलने के बहाने बुलाकर नदी किनारे जंगल तरफ ले आया। जहां रविपाल ने फिरौती मांगने के उद्देश्य से उसे जबरन जंगल के अंदर ले जाना चाहा, जिसका मृतक बालक द्वारा प्रतिरोध करने से रविपाल द्वारा उसके गर्दन को दबाकर हत्या करने की कोशिश की। किन्तु जान नहीं निकलने पर उसके पहने शर्ट का फंदा बनाकर उसके गले में डालकर उसका गला घोंटकर हत्या कर दिया। उन्होंने बताया कि इसमें विधि से संघर्षरत बालक ने भी उसकी सहायता की।

बलरामपुर एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक बालक के पिता कुछ दिन पूर्व मोटरसायकल लेने की बात बोल रहे थे। जिस पर आरोपियों को उसके पिता के पास नगदी रकम होने की जानकारी होने पर गुम बालक का अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनाये थे। किन्तु हत्या होने तथा गांव में लगातार खोजबीन होने से तथा पुलिस का दबाव देखकर फिरौती मांगने का साहस नहीं जुटा पाये।

## पशु चिकित्सक मिश्रा हुए निलंबित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभागायुक्त द्वारा शासकीय सूकर पालन प्रक्षेत्र सकालो, अम्बिकापुर के प्रबंधक डॉ. चन्द्रकुमार मिश्रा,पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को दायित्व के विपरीत कार्य करने पर निलंबित कर दिया गया है। उक्त पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ पर सूकर एवं सूकर आहार निजी व्यापारियों को बेचे जाने की शिकायत प्रस्तुत की गई थी। उक्त शिकायत की जाँच आर.के. खुटे, उपायुक्त (वि0) कार्यालय आयुक्त सरगुजा संभाग अंबिकापुर से कराई गयी। जाँच प्रतिवेदन के निष्कर्ष अनुसार निलंबन की कार्यवाही की गई है।



इस कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के सर्वथा विपरीत होने के कारण डॉ मिश्रा को छत्तीसगढ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सूरजपुर नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## छुई खदान धंसकने से दबकर 2 ग्रामीणों की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत बिजोरा नाला में छुही खदान धसने से दबकर दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि अन्य ग्रामीण बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों का शव बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शवों को पीएम पश्चात शवों को उनके परिजन को सौंप दिया है।



जानकारी अनुसार सरगुजा जिले के लखनपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करई अंतर्गत जमदरा निवासी हीरामन यादव एवं शिवा यादव अन्य साथियों के साथ सुबह 6 बजे गांव से एक किलोमीटर दूर छुई खदान में छुई मिट्टी निकालने पहुंचे थे। छुई मिट्टी निकालने के लिए दोनों मिट्टी के टीले के नीचे सुरंगनुमा खदान के अंदर घुसे थे। वे खदान से छुई मिट्टी खोद रहे थे, उसी दौरान उपर का टीला उपके उपर गिर गया एवं दोनों मिट्टी के बड़े ढेर में दब गए। छुई खदान में मलबे में दबे दोनों ग्रामीणों का शव वहां मौजूद गांव वालों ने फावड़े से मिट्टी के ढेर को हटाकर बाहर निकाला। फिर इसकी सूचना कुन्नी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर पीएम के लिए लखनपुर अस्पताल भिजवाया। दोपहर को पीएम पश्चात शव उनके परिजन को सौंप दिया गया।

## ज्वेलरी दुकान में लूट कांड के फरार दो और आरोपी हुए गिरफ्तार,6 आरोपी पहले ही आ चुके हैं पुलिस की पकड़ में

- संवाददाता -
बलरामपुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

09 अक्टूबर। जिले के रामानुजगंज स्थित राजेश ज्वेलर्स में 11 सितम्बर को दिनदहाड़े हुई करोड़ों के आभूषणों की लूट के मामले में पुलिस ने फरार दो और आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से भी लूट का सोना-चांदी व अन्य सामान जप्त किया है। मामले के 6 आरोपियों को पुलिस ने सप्ताहभर पूर्व ही पकड़ा था।

विदित हो कि 11 सितम्बर को दिन दहाड़े रामानुजगंज के व्यस्त बाजार में स्थित पार्षद राजेश अग्रवाल के ज्वेलरी दुकान राजेश ज्वेलर्स में घुसकर संचालक से मारपीट करते हुए लुटेरों ने दुकान से 2.86 करोड़ की ज्वेलरी और 7 लाख रूपये नगदी लूट ली थी। घटना के बाद गठित विशेष पुलिस टीम ने घटना के तीन सप्ताह बाद मामले में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिनमें मोनू सोनी उर्फ राज सोनी उर्फ बुकी उर्फ बुकिंग, उसका भाई सोनू सोनी उर्फ आनंद सोनी, राहुल मेहता, विक्की सिंह, सोनू-मोनू के मामा अरविंद सोनी और सोनू की गर्लफ्रेंड अंजनी एक्का को गिरफ्तार किया था।



इस मामले में दो आरोपी फरार थे जिनकी पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी फरार आरोपी राधेश्याम पासवान उर्फ श्याम व रोहित सिंह उर्फ कलुआ के बारे में पुलिस ने मुखबिर तैनात किये हुए थे दोनों आरोपियों के अपने गृह जिले औरंगाबाद बिहार में होने की जानकारी पर पुलिस टीम ने दोनों को पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने उनके कब्जे से 1.354 किलो सोना, 1.058 किलोग्राम चांदी, एक देशी कट्टा व पांच नग जिंदा कारतूस बरामद किया है। जप्त सामानों की कीमत करीब 70 लाख रूपये आंकी गई है।

## बदबू फैली तो पता चला शव का, कार में दम घुटने से युवक की मौत

- संवाददाता -
प्रतापपुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

गैरेज के किनारे खराब स्थिति में खड़ी एक कार क्रमांक सीजी 07 एन?ए 4414 में घुसे युवक की कार से बाहर न निकल पाने के कारण दम घुटने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत चंद्रेली निवासी किरण पंडो 22 सेम?ई गांव में स्थित अपनी बुआ के घर पर रहता था। शुक्रवार की शाम को वह अपनी बुआ के घर से निकला था। तभी से उसका कुछ अतापता नहीं चल रहा था। इसी बीच सोमवार को प्रतापपुर-चंदौरा मार्ग पर स्थित छोटू गैरेज के किनारे खड़ी एक खराब कार से तेज बदबू आनी शुरू हुई। जिसके बाद गैरेज के मालिक छोटू मिस्त्री ने कार के पास जाकर देखा तो उसमें एक स्टेयरिंग के पास वाली सीट पर एक युवक बैठा दिखाई दिया। जिसमें से तेज बदबू आ रही थी। युवक की मौत हो चुकी थी। यह सब देखकर उसने तत्काल प्रतापपुर पुलिस को सूचना दी।




मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को देखते हुए सबसे पहले फोरेंसिक टीम को बुलाया। जिसके बाद लाक स्थिति में पड़े कार के गेट को तोड़ा गया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की। युवक के शव को कार से बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रतापपुर पुलिस ने घटनास्थल के पास लगा सीसी कैमरा खंगाला तो पता चला कि किरण पंडो (मृतक) शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात कार के गेट को खोलकर अंदर घुसता है। कार में लगे आडियो टेप को खोलने का प्रयास करता है। इस दौरान उसके हाथों में एक पेचकस व दो अन्य वाहनों के आडियो टेप भी दिखाई देते हैं। संभवत- इसी बीच कार लाक हो गई होगी जिसके कारण वह बाहर नहीं निकल पाया होगा और दम घुटने से उसकी मौत हो गई होगी।

अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक (मृतक) आडियो टेप की चोरी करने कार में घुसा होगा। क्योंकि उसके पास से दो अन्य वाहनों के आडियो टेप व पेचकस मिला है। हालांकि अभी युवक की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। युवक की मृत्यु दम घुटने से हुई है या किसी और कारण से यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है।

## किसी भी समाज की पहचान उसकी कला व संस्कृति से होती है : टीएस सिंहदेव





- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विजयादशमी महोत्सव अंतर्गत सांस्कृतिक लोक नृत्य प्रतियोगिता बुधवार को स्थानीय कला केंद्र मैदान में आयोजित हुआ। शैला, कर्मा तथा पारंपरिक सुगा नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियों ने कला केंद्र मैदान में अद्भुत छटा बिखेरी। इस बार सरगुजा अंचल के लोकनृत्यों की कुल 36 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें से शैला वर्ग में मां महामाया शैला समिति जमदेई प्रथम, शैला पार्टी सोनगरा द्वितीय तथा रामदल कर्मा नृत्य भकुरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुगा वर्ग में विश्वास सुगा नृत्य नर्मदापारा प्रथम, मां महामाया सुगा दल परसा भकुरा द्वितीय तथा शिवशक्ति सुगा दल भकुरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को उपस्थित अतिथियों ने पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रत्येक प्रतिभागी टीम को समिति की ओर से दो-दो हजार भी सम्मान स्वरुप भेंट किया गया। साथ ही संस्था हेल्पिंग हैण्ड सोसायटी की ओर से प्रत्येक प्रतिभागी को प्लास्टिक फ्री एनवायरनमेंट को बढ़ावा देने के लिए जूट के बने बैग भी प्रदान किये गये।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी कला व संस्कृति से होती है, हमारा सरगुजा जिला इस मामले में समृद्ध है। जब भी मैं मांदर की थाप सुनता हूं मुझे गांव की याद आती है। सरगुजा सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी जी के प्रयासों से सरगुजा के लोकनृत्यों की सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर लाकर सम्मानित करने की परंपरा शुरू हुई जो आज भी जारी है, और इसे आगे बढ़ते ही रहना चाहिए। इस अवसर पर सरगुजा सेवा समिति की अध्यक्ष रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजयादशमी महोत्सव में आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। मानस गान तथा लोकनृत्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की संख्या बढ़ना इस बात का शुभ संकेत है कि यह परंपरा अगली पीढ़ी तक जा रही है। इस अवसर पर नागरिक समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि विजयादशमी पर्व पर हमारे जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शहर तक गांव के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता रहती है। सरगुजा की लोक संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने के इस कार्यक्रम की जितनी प्रसंशा की जाए कम है। इस अवसर पर सरगुजा सेवा समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति तथा जिला प्रशासन के इस आयोजन की चर्चा दूर दूर तक है।

कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्य नरेन्द्र सिंह टूटेजा व वीर सोनी ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन समिति के सदस्य मधुसूदन शुक्ला ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रंजीत सारथी, देवेन्द्र दास सोनवानी, विनितेश गुप्त सक्रिय रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, पूर्व श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सफ़ी अहमद, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, अनिल सिंह मेजर, द्वितेन्द्र मिश्रा, संजय अग्रवाल, मंजूषा भगत, विद्यानंद मिश्रा, उपेन्द्र पैकरा, करताराम गुप्ता, आलोक दुबे, मधु चौदाहा, प्रयाग राज साहू , राजेश कश्यप, संतोष दास, विशाल शर्मा, महेंद्र अग्रवाल ,मनोज सोनी, मयंक जायसवाल , अनुराग शुक्ला, अविनाश मंडल, आभाष राज , अमन गुप्ता , दीपक अग्रवाल, नीरज अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य सहित बडी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## चलते-चलते स्कूटी में लगी आग, युवक ने कूदकर बचाई जान



- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

शहर के एमजी रोड में चलती हुई स्कूटी में अचानक आग लग गई। स्कूटी सवार किसी तरह किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते स्कूटी में आग इस तरह फैला की वह पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के अजबनगर निवासी एक युवक स्कूटी से अंबिकापुर शहर की ओर जा रहा था। दोपहर में एमजी रोड में अचालक चलती हुई स्कूटी में आग लग गई। युवक ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए वह तत्काल कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग पूरी तरह फैल गई। लोगों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की टीम को पहुंचने से पहले स्कूटी जलकर खाक हो गया।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए खुश रहना अत्यंत महत्वपूर्ण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा बुधवार को मानसिक स्वस्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिखाईल एक्का ने अपने बताया कि एक दूसरे से अच्छे मेल प्रेम से रहे तो कभी भी किसी को कोई मानसिक तनाव या समस्या नहीं होगी। विश्वविद्यालय के प्राचार्य जीवन में आने वाली समस्याएं क्षणिक होती हैं उनसे हमें विचलित नहीं होना चाहिए और हर परिस्थितियों में प्रसन्न रहना चाहिए। कोऑर्डिनेटर डॉ. अनिल सिन्हा ने कहा कि अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए खुश रहना एवं सकारात्मक विचार रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि विकसित देश अब अपने विकास के सूचकांक में जीवन की गुणवत्ता और हैप्पीनेस को इंडेक्स बना रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका प्रतिमा शर्मा द्वारा मेडिटेशन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉक्टर सुमन कुमार द्वारा तनाव को कम करने के लिए माइंडफूलनेस एक्टिविटी एवं मानसिक और शारीरिक रिलैक्सेशन के लिए जेपीएमआर तकनीक का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। मनोज बिसेन नर्सिंग ऑफिसर एनएमएचपी द्वारा मानसिक एवं शारीरिक समन्वय को बनाए रखने के लिए माइंड बॉडी कोआर्डिनेशन एक्टिविटी कराया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में बलून एक्टिविटी के माध्यम से उपस्थित अतिथियों एवं छात्रों को उत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोहनी सिंह अतिथि व्याख्याता मनोविज्ञान द्वारा किया गया।




आवश्यकता है
दैनिक अखबार घटती घटना
में मशीन हेल्फर की आवश्यकता है
कार्य समयः शाम 7 बजे से देर रात तक
योग्यता 10वीं पास
वेतन 7 से 10 हजार
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क-संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,नमनाकला
अंबिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़, मो. 9826532611

# हिजबुल्ला पर कार्रवाई करो,वरना गाजा जैसा होगा हाल

## पीएम नेतन्याहू की लेबनान को चेतावनी



तेल अवीव,09 अक्टूबर 2024। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में चेतावनी दी कि अगर लेबनान की सीम के भीतर हिजबुल्ला को काम करने की अनुमति दी जाती है, तो उसका हाल भी गाजा जैसा हो सकता है। नेतन्याहू का यह बयान उस समय आया है, जब इस्राइली सेना ने लेबनान के दक्षिणी छोर पर हिजबुल्ला के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज की है और लोगों को इलाके को खाली करने की सलाह दी है।

नेतन्याहू ने लेबनान की जनता से अपील की है कि वे अपने देश को हिजबुल्ला के चंगुल से मुक्त करें, ताकि आगे की तबाही से बचा जा सके। उन्होंने कहा,आपके पास अपने देश को बचाने का अवसर है। वरना, एक लंबा युद्ध आपके देश को गर्त में ले जाएगा और आपको भी गाजा की तरह तबाही का सामना करना पड़ सकता है।

इस्राइली प्रधानमंत्री ने कहा कि इस्राइल ने हिजबुल्ला की क्षमताओं को कमजोर कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस्राइली सेना ने बेरूत में हिजबुल्ला के खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाया है। इस्राइल की इस कार्रवाई का मकसद हिजबुल्ला के सैन्य ढांचे को नष्ट करना है।

इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच तनाव उस समय और बढ़ गया, जब हिंजबुल्ला ने इस्राइल बंदरगाह शहर हाइफा पर रॉकेट दागने की जिम्मेदारी ली। यह हमला तब हुआ, जब इस्राइल की सेना ने जानकारी दी कि 85 प्रोजेक्टाइल लेबनान से इस्राइल की सीमा में प्रवेश कर गए हैं। हिजबुल्ला ने चेतावनी दी है कि यदि इस्राइली हवाई हमले जारी रहे तो वह इस्राइली शहरों और कस्बों पर हमले जारी रखेगा।

इस बीच, इस्राइल रक्षा बल ने कहा कि सायरन बजने के बाद ऊपरी गैलिली और हाइफा खाड़ी के क्षेत्रों में लेबनान से प्रवेश करने वाले करीब 40 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई। कुछ प्रोजेक्टाइल को इस्राइली वायु सेना ने रोक लिया। कुछ इस क्षेत्र में गिरे हैं।

### नेतन्याहू ने लेबनान को अपने वीडियो संदेश में क्या-क्या कहा

- यह संदेश लेबनान की जनता के लिए है। क्या आपको याद है कि आपके देश को पश्चिम एशिया का मोती कहा जाता था? मुझे याद है। तो लेबनान के साथ क्या हुआ? अत्याचारियों और आतंकवादियो के एक गिरोह ने इसे बर्बाद कर दिया।
- लेबनान एक बार अपनी सहिष्णुता और सुंदरता के लिए जाना जाता था। आज यह अराजकता और युद्ध की जगह बन गई है। इस्राइल पच्चीस साल पहले लेबनान से पीछे हटा था। लेकिन जिस देश ने लेबनान पर कब्जा किया, वह इस्राइल नहीं, ईरान है।
- ईरान लेबनान के खर्च पर ईरान के हितों की पूर्ति के लिए हिजबुल्ला का वित्त पोषण करता है और हथियार देता है। हिजबुल्ला ने लेबनान को गोला बारूद और हथियारों के भंडार और ईरान के अग्रिम सैन्य अड्डे में बदल दिया है।
- एक साल पहले सात अक्तूबर के जनसंहार के केवल एक दिन बाद हिजबुल्ला इस्राइल के खिलाफ युद्ध में शामिल हो गया। इसने हमारे शहरों और हमारे नागरिकों पर हमले किए। इसने तबसे 8,000 से ज्यादा मिसाइलें इस्राइल पर दागी हैं। यहूदियों, ईसाइयों, मुसलमानों और ड्रूज में भेद किए बिना नागरिकों की हत्याएं की हैं। इस्राइल ने इसे खत्म करने का फैसला किया है। हमने फैसला किया है कि हम अपने लोगों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के लिए जो भी जरूरी होगा, करेंगे।
- इस्राइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। इस्राइल को भी जीतने का हक है और इस्राइल जीतेगा। हमने हिजबुल्ला की क्षमताओं को कमजोर कर दिया है। हमने हसन नसरल्लाह और उनके उत्ताराधिकारी सहित हजारों आतंकवादियों को खत्म कर दिया है। आज हिजबुल्ला कमजोर है, जैसा कि कई वर्षों से होता आ रहा है।
- अब आप लेबनानी लोग एक महत्वपूर्ण चौराहे पर खड़े हैं। यह आपकी पसंद है। अब आप अपना देश वापस ले सकते हैं। आप इसे शांति और समृद्धि के मार्ग पर लौटा सकते हैं। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो हिजबुल्ला आपके खर्च पर घनी आबादी वाले क्षेत्रों में इस्राइल से लड़ना जारी रखेगा। अगर लेबनान को बड़े युद्ध में घसीटा जाता है तो उसे (हिजबुल्ला) इसकी कोई परवाह नहीं है।
- ईसाई,ड्रूज,मुस्लिम-सुन्नी और शिया आप सभी इस्राइल के खिलाफ हिजबुल्ला के व्यर्थ अभियान के कारण पीड़ित हैं। आज मैं लेबनान की हर मां और हर पिता से एक आसान सवाल पूछता हूं- क्या यह आपके लिए सही है? मैं जानता हूं कि आप अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं। इसलिए मैं आज आप सभी से बात कर रहा हूं। एक बेहतर रास्ता है। आपके बच्चों, शहरों, गांवों और देश के लिए एक बेहतर तरीका है। आप लेबनान को पुनर्स्थापित कर सकते हैं।

# ऋण मुक्त ग्लोबल साउथ के देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार की जरूरत



नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को अनिश्चित विश्व में लचीलापन और विकास को बढ़ावा देना विषय पर संबोधित करते हुए, इस ओर ध्यान आकर्षित किया कि किस प्रकार विकास संबंधी उपलब्धियां पटरी से उतर गई हैं, जिससे सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में प्रगति को खतरा पैदा हो गया है। बता दें कि भारत ने ग्लोबल साउथ के देशों के लिए ऋण स्थिरता सुनिश्चित करने और ऋण जाल को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार के लिए एक ठोस और वैश्विक प्रयास का आह्वान किया है, जो कई संकटों से असंगत रूप से प्रभावित हुआ है।

इस दौरान पी. हरीश ने कहा, ऋण स्थिरता सुनिश्चित करने और ऋण जाल को रोकने, किफायती वित्त तक पहुंच प्रदान करने और वैश्विक व्यापार और निवेश प्रवाह में असमानताओं को दूर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार के लिए एक ठोस वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है। ग्लोबल साउथ देशों का मलतब है उन देशों से है, जो अल्प विकसित और विकास के मामलों काफी पीछे हैं।

वहीं सबसे कमजोर लोगों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर प्रकाश डालते हुए, किसी को भी पीछे न छोड़ने के उद्देश्य से, हरीश ने कहा,महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाना लचीले समाजों के निर्माण की कुंजी है। उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और इसे विकासशील दुनिया के लिए कैसे दोहराया जा सकता है, समेत भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत की तरफ से उठाए गए कदमों को सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा, ग्लोबल साउथ देशों को अपनी साझा चिंताओं को आवाज देनी चाहिए और आम हितों के इर्द-गिर्द एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत ने पिछले कुछ वर्षों में उठाए गए कई कदमों के माध्यम से जलवायु कार्रवाई पर सिर्फ बात नहीं की है। उन्होंने जलवायु कार्रवाई की दिशा में भारत के ठोस कदमों के रूप में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन, आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) को सूचीबद्ध किया। हरीश ने यह भी बताया कि भारत ने तीन वैश्विक दक्षिण शिखर सम्मेलनों के माध्यम से वैश्विक दक्षिण के मुद्दे को उठाया।

# पश्तून अधिकार संगठन के सदस्यों के नाम आतंकवादी संदिग्धों की सूची में जोड़े गए

पेशावर,09 अक्टूबर 2024। असंतोष को दबाने के लिए राज्य तंत्र को जुटाने के एक और प्रयास में, पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनख्वा के विभिन्न जिलों के 52 व्यक्तियों के नाम पाकिस्तान के आतंकवाद विरोधी अधिनियम, 1997 की धारा 11ईई के तहत चौथी अनुसूची में जोड़े हैं। यह कदम पाकिस्तान द्वारा प्रतिबंधित पश्तून अधिकार संगठन पश्तून तहफुज मूवमेंट (पीटीएम) के खिलाफ मानवाधिकारों की आवाज उठाने के खिलाफ उठाया गया एक और कदम है। समा टीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार चौथी अनुसूची की सूची में जोड़े गए व्यक्तियों पर पीटीएम की सहायता करने का आरोप लगाया गया है । कथित तौर पर, चौथी अनुसूची आतंकवाद या आतंकवाद को सुविधाजनक बनाने के संदिग्ध व्यक्तियों की सूची है और उन्हें शामिल करने से उनकी आवाजाही और अन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगता समा टीवी की रिपोर्ट में कहा गया है कि अन्य लोगों में शाह फैसल गाजी, जमाल मलियार, आलम जेब, मुहम्मद सामी उर्फ पश्तीन, हयात खान, अमीर हमजा, इश्तियाक महसूद, मुहम्मद बिलाल, अब्दुल कहार, डॉ. सैयद आलम, सैफुर रहमान, मुर्तजा खान महसूद, मुस्तफा चमतो, मुहम्मद फारूक और मुहम्मद सज्जाद शामिल हैं।



विशेष रूप से, पीटीएम समर्थकों के खिलाफ मौजूदा कार्रवाई पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड पर चिंता जताने वाली आवाजों को दबाने के राज्य के चल रहे प्रयासों को दर्शाती है। इन नामों को चौथी अनुसूची में शामिल करने का मतलब है कि उन्हें आतंकवाद और राष्ट्रीय एकता को चुनौती देने वाले आंदोलनों का मुकाबला करने की सरकार की रणनीति के तहत यात्रा प्रतिबंध और संपत्तियों को फ्रीज करने सहित गंभीर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। मंजूर पश्तीन के नेतृत्व में पीटीएम संगठन पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के आदिवासी क्षेत्रों में मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ एक प्रमुख आवाज रहा है । पीटीएम पर इस बड़ी कार्रवाई ने पाकिस्तान के भीतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असंतोष की सीमा को लेकर महत्वपूर्ण सार्वजनिक बहस छेड़ दी है । पीटीएम के नेताओं पर कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब 11 अक्टूबर को पश्तून राष्ट्रीय जिरगा की तारीख नजदीक आ रही है खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री द्वारा उनके शिविर की पूरी सुरक्षा के बारे में दिए गए आश्वासन के बावजूद, पुलिस ने आधी रात को जिरगा के आयोजकों पर छापा मारा, शिविरों में आग लगा दी और मौके पर एकत्र हुए शांतिपूर्ण कार्यकर्ताओं पर हमला करना, उन्हें गिरफ्तार करना और हिरासत में लेना जारी रखा। अधिकारियों की इन कार्रवाइयों की पश्तून राष्ट्रीय जिरगा आयोजन समिति ने निंदा की थी। उस समय समिति ने मांग की थी कि प्रांतीय सरकार कार्यकर्ताओं पर अपनी कार्रवाई तुरंत बंद करे, घटना की गहन जांच करे और शिविर की सुरक्षा सुनिश्चित करे, ताकि पश्तूनों को शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने के अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति मिल सके।

## नाइजीरिया में नाव दुर्घटना के बाद 11 लोगों को बचाया गया,21 लापता

अबुजा,09 अक्टूबर 2024। नाइजीरिया के दक्षिण-पश्चिमी राज्य लागोस में दो नावों के टकराने से बड़ा हादसा हो गया जिसमें 11 घायल व्यक्तियों को बचाया गया है और 21 अन्य अभी भी लापता हैं। लागोस में पुलिस प्रवक्ता बेंजामिन हुंडेयिन ने बताया कि 16 यात्रियों और चालक दल को ले जा रही दो नौकाएं सोमवार रात को अमुवो-ओडोफिन स्थानीय सरकारी क्षेत्र के इमोर शहर में टकराने के बाद लैगून के बीच में पलट गई। हुंडेयिन के अनुसार, पीड़ितों में ज्यादातर व्यापारी थे। उन्होंने बताया कि आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम, जिसमें पारंपरिक और समुद्री पुलिस तथा स्थानीय गोताखोर शामिल थे, तेजी से मौके पर पहुंची और 11 घायल यात्रियों को बचाया गया। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# संविधान संशोधन को समर्थन देने से JUI-F का इनकार

» मौलाना रहमान की पार्टी ने दावों को बताया अफवाह



इस्लामाबाद,09 अक्टूबर 2024। पाकिस्तान में सरकार द्वारा लाए जा रहे संविधान संशोधन प्रस्ताव पर हंगामा जारी है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई इसका पुरजोर विरोध कर रही है, वहीं सरकार भी इस प्रस्ताव को पास कराने में अपना पूरा जोर लगा रही है। अब मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जेयूआई-एफ ने इस संशोधन प्रस्ताव को समर्थन देने की खबरों को अफवाह करार दिया है। दरअसल ऐसा दावा किया जा रहा था कि जेयूआई-एफ ने संविधान संशोधन को समर्थन दे दिया है।

### एससीओ बैठक से पहले हंगामा नहीं चाहती पाकिस्तान सरकार

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) ने दावा किया है कि संसद में संवैधानिक पैकेज पेश करने का फैसला सरकार ने उनके अनुरोध पर टाल दिया है। संशोधन के विरोध के बारे में पार्टी के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और जेयूआई-एफ ने मामले को विवादित बताया। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा, अब इस मामले को एससीओ शिखर सम्मेलन के बाद उठाया जाएगा।% पाकिस्तान में अगले हफ्ते एससीओ सम्मेलन की बैठक होनी है, जिसमें विभिन्न देशों के राष्ट्र प्रमुख पाकिस्तान पहुंचेंगे। ऐसे में पाकिस्तान की सरकार भी किसी तरह के विवाद में नहीं पड़ना चाहती। इमरान खान की पार्टी पीटीआई द्वारा भी इस संविधान संशोधन का विरोध किया जा रहा है। इसे लेकर हाल ही में पीटीआई ने विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन किए थे, जिनमें हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं भी हुईं।

सोमवार को जेयूआई-एफ चीफ मौलाना फजलुर रहमान ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर एक बैठक में शिरकत की थी, जिसके बाद इस तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं कि जेयूआई-एफ ने सरकार द्वारा लाए जा रहे संविधान संशोधन के प्रस्ताव को अपना समर्थन दे दिया है, लेकिन बाद में जेयूआई-एफ ने दावा किया कि वह फलस्तीन के मुद्दे पर बहुदलीय बैठक में शामिल हुए थे। पार्टी प्रवक्ता के अनुसार, इन रिपोर्टों में कोई सच्चाई नहीं है। पार्टी ने कहा कि जेयूआई-एफ ने एक अलग संवैधानिक न्यायालय का समर्थन किया, लेकिन संवैधानिक संशोधन पर आपत्ति जताई।

# कम जन्म दर,उच्च मृत्यु दर के कारण सितंबर में ताइवान की जनसंख्या में गिरावट



ताइपे, 9 अक्टूबर 2024। बुधवार को आंतरिक मंत्रालय ( एमओआई ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में ताइवान की आबादी में धीरे-धीरे गिरावट देखी गई । एमओआई की नियमित रिपोर्ट से पता चला है कि सितंबर के अंत में ताइवान की आबादी 23,404,138 थी, जो अगस्त के अंत की तुलना में 2,470 लोगों की कमी को दर्शाती है, फोकस ताइवान ने बताया । फोकस ताइवान के अनुसार, सितंबर में जनसंख्या में गिरावट का कारण प्रति 1,000 लोगों पर 6.15 की कम जन्म दर थी, जबकि प्रति 1,000 पर 8.11 की उच्च मृत्यु दर थी।

फोकस ताइवान ने बताया कि हालांकि 1,301 लोगों का शुद्ध प्रवास हुआ, जिसमें 101,274 लोग देश छोड़कर चले गए और 102,575 लोग देश में आए, लेकिन यह जन्म दर के मृत्यु दर से कम होने के कारण होने वाली जनसंख्या में गिरावट की भरपाई करने के लिए अपर्याप्त था। एमओआई डेटा ने इस साल अब तक 97,733 जन्म दिखाए, जो पिछले साल इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 99,652 जन्मों से थोड़ी कमी है। फोकस ताइवान ने बताया कि ताइवान के जनसंख्या रिकॉर्ड घरेलू पंजीकरण डेटा पर आधारित हैं ।



## घर में घुसकर बिजली का सामान चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

घर से बिजली का सामान चोरी करने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने

एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवसी राजीव चौधरी के घर से 7 अक्टूबर को अज्ञात चोर द्वारा घर के अंदर से बिजली का सामान चोरी कर भाग गया था। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी अनिल दास उम्र 22 वर्ष निवासी सोनतरई थाना सीतापुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह चोरी करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आए युवक को परिजनों ने गोबर में गाड़ा

- संवाददाता -

अंबिकापुर, 09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

मैनपाट विकासखंड के ग्राम सुपलगा में आकाशीय बिजली से गंभीर रूप से घायल युवक को गोबर के गड्ढे में अंधविश्वास के चलते गाड़ कर इलाज करने का मामला प्रकाश में आया है। जिन्होंने समय रहते एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया, अन्यथा उसकी जान जा सकती थी। दरअसल मंगलवार की दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घरवाले ने उसे अस्पताल ले जाने की बजाय अंधविश्वास के फेर में पडक़र उसे गोबर में गाड़ दिया था।

जानकारी अनुसार मैनपाट के ग्राम सुपलगा निवासी बनवारी बैगा मंगलवार को दोपहर में मवेशी चारा रहा था। इसी बीच अचानक बारिश होने लगी और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से वह गंभीररूप से घायल हो गया। परिजनों ने अंधविश्वास की वजह से आकाशीय बिजली की चपेट में आए युवक को घंटो गोबर के गड्ढे में गाड़ दिया और इलाज शुरू कर दिया। घायल युवक गोबर के गड्ढमें घण्टों बेहोश पड़ा रहा।



इसी बीच गांव के ही एक शख्स ने युवक की गम्भीर हालत को देखते हुए 108 एंबुलेंस को फोन कर इसकी जानकारी दी। उक्त शख्स की पहल से युवक की जान जाते-जाते बच गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने गंभीर रूप से झुलसे घायल युवक को अस्पताल में दाखिल कराया। घायल युवक को इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# 7 जनपद पंचायतों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन मशीन खरीदी में भारी गड़बड़ी

» मामले की शिकायत संभाग आयुक्त से

- संवाददाता -

अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

जिले के 7 जनपद पंचायतों के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत बेलिंग मशीन, फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन, वजन मशीन क्रय करने में भारी गड़बड़ी की गई है। इन मशिनों की खरीदी बाजार दर से तीगुने दाम पर की गई है। आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोने ने मामले की शिकायत सरगुजा संभागायुक्त से की है।

शिकयत में डीके सोनी ने अवगत कराया है कि सरगुजा जिले के 7 जनपद पंचायतों के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत बेलिंग मशीन, फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन, वजन मशीन क्रय करना था। प्रत्येक जनपद पंचायत के एक ग्राम पंचायत में उपरोक्त मशीनों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत क्रय किया जाना है।

सरगुजा जिले में आने वाले सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में बिना नियम के कोरबा के सप्लायर द्वारा बिना ग्राम पंचायत के मांग के उपरोक्त सामग्री जिसमें बेलिंग मशीन, फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन, वजन मशीन पहुंचा दिया गया है तथा गलत तरीके से ग्राम पंचायत से उपरोक्त सामग्री की राशि का भुगतान करने हेतु दबाव दिया जा रहा है और कुछ ग्राम पंचायत से कोरबा के सप्लायर को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन



अधिकारी के द्वारा दबाव देकर उपरोक्त सामग्रियों का लगभग 16 लाख रुपए की राशि का भुगतान करने हेतु कहा जा रहा है तथा कुछ ग्राम पंचायत से राशि भुगतान भी करा दिया गया है। कोरबा के सप्लायर द्वारा ग्राम पंचायत में जो मशिनों की सप्लाई किया गया है और उसका वास्तविक मूल्य सभी सामग्रियों का टैक्स सहित लगभग 3 लाख 60 हजार रुपए हो रहा है। लेकिन उपरोक्त सामग्री को सप्लाई करने वाले सप्लायर द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली भगत कर ग्राम पंचायतों से 16 लाख रुपए की राशि में क्रय कराया गया है जो की वास्तविक दर से चार गुना ज्यादा राशि है। जिससे शासन को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। उक्त संबंध में उपरोक्त मशीन बनाने वाले कंपनी का कोटेशन टैक्स सहित शिकायत आवेदन के साथ संयुक्त सरगुजा संभाग के समक्ष पेश किया गया जिससे यह प्रमाणित है कि सप्लायर के द्वारा शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया गया है। कोई भी सामग्री क्रय करने हेतु भंडार क्रय नियम का पालन करना पड़ता है लेकिन उसका भी पालन नहीं किया गया है। एक ही दिन सभी जनपदों के ग्राम पंचायत हेतु रात को 12 के बाद जेम पोर्टल पर वर्क आर्डर सामग्री प्रदाय करने हेतु जारी कराया गया है। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के लिपिक भी संलग्न है और सप्लाई आदेश में किसी भी ग्राम पंचायत से कोई भी सहमति या कोई भी प्रस्ताव उपरोक्त सामग्री क्रय करने हेतु नहीं लिया गया है। सप्लायर द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से मिली भगत कर उपरोक्त सामग्रियों में मोटी कमीशन लेकर राशि का भुगतान कराया गया है।

# असफाक ने पिता व बहनोई के साथ मिल किया लाखों की ठगी...

# असफाक की गिरफ्तारी कब ?





**ठगी करने वाले असफाक उल्लाह व उसके पिता सहित बहनोई के विरुद्ध सूरजपुर में दर्ज हुई दूसरी एफआईआर**

**एफआईआर के बाद गिरफ्तारी का इंतजार... कितना लंबा करना पड़ेगा इंतजार?**

**क्या पुलिस के हत्थे चढ़ेंगे असफाक उल्लाह व उनके पिता...**
**अंबिकापुर पुलिस का कहना गई बार गए घर पर मिला नहीं?**






## महंगा ऑफिस डालकर ठग रहे थे लोगों को...ठगी का घड़ा भर गया और अब पुलिस के डर से हुए फरार

-ओंकार पाण्डेय-
सुरजपुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

दैनिक घटती घटना ने फरवरी 2024 में ही बता दिया था की सूरजपुर के लोग ठगी के शिकार होंगे असफाक उल्लाह के हाथों,पर यह बात कोई मानने को तयार नही था आज जब लोगों को एहसास हो गया कि वह ठगी के शिकार हो गए हैं तो अब पुलिस के दरवाजे पहुंचने लगे हैं, वैसे तो सूरजपुर जिले में दो ठगों ने संभाग से कई सौ करोड़ रुपए ठग लिए हैं और ऐसे ऐसे लोगों को ठगा है उन्होंने जो कभी ठगे जाएंगे ऐसा कोई सोचा नहीं था। अब यह मामला पुलिस तक पहुंच चुका है और अब पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी का इंतजार है असफाक उल्लाह व उसके परिवार के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज हो चुके हैं तो वहीं संजीत व उनके परिवार के विरुद्ध एक एफआईआर। अभी इन दोनों के विरुद्ध कई एफआईआर और दर्ज होने की आशंका जताई जा रही है। असफ़ाक उल्लाह के विरुद्ध दूसरा एफआईआर सूरजपुर थाने में दर्ज हुआ है विशाल गुप्ता की शिकायत पर, विशाल गुप्ता से 35 दिन में रुपया दुगुना करने के नाम पर पैसा लेकर वह भी 10 लाख रुपए की ठगी की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विशाल गुप्ता आ. स्व. श्यामबिहारी गुप्ता उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी केतका रोड बिजली आफिस के सामने सूरजपुर की शिकायत के अनुसार असफाक उल्लाह आ. जरीफ उल्लाह व उसके पिता जरीफ उल्लाह सहित उनका रिश्तेदार शाहरूख अंसारी के द्वारा पैसा 35 दिन में दुगुना करने का झांसा देकर 10 लाख रूपये ठगी होने की बात कही है। विशाल गुप्ता ने बताया कि असफाक, जरीफ उल्लाह जाति मुसलमान निवासी ग्राम शिवप्रसादनगर सहित शाहरूख अंसारी निवासी ग्राम करौदामुड तहसील भैयाथान ने उन्हे यह विश्वास अपनी बात से दिलाया की उनके पिता को शेयर मार्केट का अच्छा ज्ञान है व वह ऐसी कंपनी में पैसा लगाते है कि 35 दिन में पैसा दुगुना हो जाता है। परंतु वह उसकी बातों पर विश्वास नहीं किए वहीं उसके एक सप्ताह के पश्चात असफाक उल्लाहअपने पिता व एक और रिश्तेदार शाहरुख के साथ उनके घर पर आया और उनसे कहा कि वह उन्हे 10 लाख रूपया दे दें, उन्होंने यह भी कहा की उक्त पैसा 35 दिनों में दुगुना करके दे दूँगा, परंतु उसके पश्चात भी उन्हे उनकी बातों पर भरोषा नहीं हुआ उसके पश्चात उक्त सभी लोगो ने कहा कि वह उसे भरोशा नही है तो बदले में उसे दस लाख रूपये का चेक दे देते हैं जिसके पश्चात असफाक के द्वारा अपने पंजाब नेशनल बैंक शाखा वैकुण्ठपुर में सचालित खाता में जारी चेक क्रमांक 647941 राशि दस लाख रूपये प्रदान किया,इस कारण उनके प्रलोभन में आ गया और उनके प्रलोभन में आकर अपने वैवाहिक कार्यक्रम हेतु रखे गये दस लाख रूपये को उनके खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया। उसके पश्चात उक्त अनावेदकगण वहाँ से चले गये।



संजीत अग्रवाल आरोपी

**ठगी करने वाले असफाक के विरुद्ध बढ़ रही है एफआईआर की संख्या**

**35 दिन में 10 लाख रूपए को दुगुना करने के नाम पर असफाक ने उठाया पैसा पर नही लौटाया**

**असफाक व संजीत सहित उनके परिवार पर भी लगा ठगी का आरोप.. गिरफ्तारी अब ?**



संदीप अग्रवाल आरोपी

### क्या ठगी के मामले में असफाक व संजीत ने नटवरलाल को पीछे छोड़ा

ठगी मामले में आज तक नटवरलाल को ही बादशाहत हासिल है क्योंकि वह ठगी के बाद भी न पकड़े जाने के लिए प्रसिद्ध था। अब सूरजपुर जिले के असफाक और संजीत भी नटवरलाल बनने की ओर अग्रसर हैं क्योंकि उन्हे यह आभास था की उन्हे कोई नहीं पकड़ सकता क्योंकि कोई जल्द शिकायत ही नहीं करेगा और अपना पैसा वापस मिलेगा इस आस में वह बैठा रहेगा। हुआ भी वही ज्यादातर लोग जो दोनो से ठगी का शिकार हुए हैं वह इस इंतेजार में बैठे हैं और इस उम्मीद में हैं की उनका पैसा मिलेगा और यही उम्मीद और आस दोनों ठगों के लिए वरदान साबित हो रही है और वह निश्चिंत हैं। बता दें की अधिकांश में से कुछ गिने चुने लोग ही अपने साथ हुई ठगी को स्वीकार कर पा रहे हैं उसे सच मान रहे हैं शेष सभी अभी भी दोनों ठगों से पैसा वापस मिलेगा इस आस में बैठे हैं। वैसे बता दें की दोनों ठगों के यदि पूरी कहानी और पूरे ऐसे लोग जिन्हे इन्होंने ठगा है वह समाने आएंगे तो यह देखने को मिलेगा की यह दोनों कैसे नटवरलाल को भी पीछे छोड़ चुके हैं और ठगी में अब बादशाहत इन्हीं आगे दर्ज होगी।

### असफाक व संजीत से आर्थिक नुकसान का झटका खाने वाले,न घर के रहे और न घाट के...

असफाक उल्लाह और संजीत ने कई लोगों को जिनकी संख्या सैकड़ों में भी हो सकती है वहीं कई सैकड़े हो सकती है ऐसा बताया जा रहा है को आर्थिक नुकसान बड़े आर्थिक नुकसान की ओर धकेल दिया है। पैसा दुगुना करने के नाम पर लाखों लेकर दोनों ने लोगों को ऐसा चुना लगाया की अब पैसा देने वाले लोग न घर के हैं न घाट के,इसका आशय इस तरह समझा जा सकता है की वह शिकायत कर असफाक और संजीत को कानूनी उलझनों में जरूर कुछ दिनों के लिए डाल सकते हैं लेकिन इससे भी उनको कोई लाभ नहीं होना है क्योंकि उनका लाखों डूबना तय है वहीं उन्हे यह मालूम होते हुए भी की अब उनका पैसा उन्हे नहीं मिलना है वह शिकायत दर्ज करने से बच रहे हैं और इसके पीछे की वजह एक ही है वह है की ठग बाहर रहेगें तो उनका पैसा उन्हे मिल सकता है वैसे यह भी उनकी कल्पना मात्र है इसलिए वह मौन हैं। खैर सब कुछ जानकर भी अनजान बनना ही असल मायने में ऐसे ठगों के लिए वरदान साबित होता है और ठगे जा चुके लोग न घर के रह जाते हैं न घाट के।

### पैसे मागने पहुचे घर तो किया गाली-गलोज

उसके एक माह पश्चात उसने जब अनावेदकगण से अपनी उपरोक्त राशि की माँग किया तो उनके द्वारा आज-कल कहकर टाल मटोल किया जाने लगा, उसके पश्चात वह अगस्त 2024 में अनावेदक के घर पैसा माँगने गया तो अनावेदक द्वारा माँ बहन की अत्यंत ही अश्लील गाली गलौज दी गई और बोला गया की आज के बाद पैसा माँगने आओगे तो गाड़ी के नीचे दबाकर मार दूंगा,जिससे वह अत्यंत भयभीत भी है। शिकायतकर्ता ने कहा है की उसे आशंका है कि उनलोग उसे व उसके परिवारवालों के साथ कभी भी कोई अनहोनी घटना कारित कर सकते हैं । सभी अनावेदकगण के द्वारा आपस में मिली भगत करके उससे 10 लाख रूपये की ठगी की गई है यही उसकी शिकायत है।

### ठगने वालों की गिरफ्तारी कब ?

दोनों ठगों के लिए पर्याप्त शिकायत पुलिस को मिल चुकी है। बता दें की पुलिस के पास शिकायत के आधार पर कार्यवाही का क्या-क्या कानूनी आधार बनता है वह तो वही जाने लेकिन कानून के जानकारों की माने तो अभी तक दर्ज शिकायत काफी है दोनो के विरुद्ध अपराध दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए।। अब सवाल यह है की पुलिस जिसने पहले भी खबरों से संज्ञान नहीं लिया और बड़ी ठगी का शिकार कई लोग कई सैकड़े की संख्या में लोग हो गए जबकि पुलिस ऐसा होने से रोक सकती थी क्या वह अब गिरफ्तार करेगी असफाक और संजीत को या अब भी उन्हे और इंतेजार करते देखा जायेगा?

### पैसा रखने के लिए पेटी तक खरीद रखी थी असफाक उल्लाह ने,जो पेटी अब गायब है

असफाक उल्लाह अपने पास एक पेटी खरीद कर रखा हुआ था जिसमें वह पैसा रखता था और वह भी वह पैसा जो वह लोगों से ठगी के हिसाब से जुटाता था। जबसे असफाक उल्लाह गायब है तभी से उक्त पेटी भी गायब है यह भी पता चल रहा है। बताया जा रहा है की कुछ पैसा शौक में जिसमे महंगी गाडियां खरीदना शामिल है में असफाक ने उड़ा दिए और कुछ पैसा उसने संपत्ति अर्जित करने में लगा दिए वहीं जो बचा था पेटी में उसे ही लेकर वह फरार है। अब लोगों को कहां से पैसा मिलेगा जो वह इंतेजार में हैं यह वही जाने।

### पेटी में भरकर असफाक कहां ले जाता था पैसा ?

असफाक के पास जो बड़ी बड़ी पेटी थी वह उसमे पैसा रखता था जो लोगों से दुगुना करने के नाम पर वह लेता था वहीं वह उसी पेटी को लेकर वह कहीं भी आया जाया करता था। वह कहां आया जाया करता था और पेटी में पैसा लेकर क्या करने वह जाया करता था क्यों जाया करता था यह एक बड़ा सवाल है जिसका जवाब अब पुलिस को असफाक से लेना चाहिए।

### असफाक के गिरफ्तारी के बाद ही खुलेगा उसके ठगने की कहानी का राज

अशफाक व संजीत लोगों से पैसे ठग कर क्या करते थे इसका खुलासा तो पुलिस से पकड़े जाने के बाद ही हो पाएगा, जब मामला दर्ज नहीं हुआ था सीना तान के चल रहे थे अब जब एफआईआर हो गया तो फिर से फरार हो गए, पुलिस के हाथों से बचने का पूरा प्रयास है पर कब तक रहेंगे फरार? इन दोनों ने लोगों को ऐसोआराम की वजह से ठगा?

---

**फेसबुक लाईव के माध्यम से जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप ने कहा माता के भजनों के नाम पर अश्लील गाने बजाये गए जो कि संस्कृति के खिलाफ,रामानुज मिनी स्टेडियम में हुए आयोजन में बजाए गए थे फूहड़ गाने**

# गरबा आयोजन में फूहड़ गानों की प्रस्तुति पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने दी चेतावनी,अगली बार नही बजने देंगे फूहड़ गानें

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष की तीखी प्रतिक्रिया

रामानुज मिनी स्टेडियम में गरबा आयोजन इस बार काफी सुर्खियों में रहा,गंगा श्री होटल परिसर में भी इस बार गरबा का आयोजन किया गया था लेकिन वहां किसी प्रकार की विवाद की स्थिति निर्मित नही हुई बल्कि मिनी स्टेडियम का आयोजन तरह तरह से चर्चाओं का विषय रहा। आयोजन के दौरान ही एक ओर जहां भाजयुमो जिला महामंत्री कुणाल जायसवाल के साथ विवाद हुआ तो वहीं आयोजन समाप्ति के पश्चात बुधवार सुबह भारतीय जनता युवा मोर्चा कोरिया के जिलाध्यक्ष हितेष प्रताप सिंह ने भी आयोजन में बजाए गए फूहड़ गानों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। फेशबुक लाईव के माध्यम से जिलाध्यक्ष ने कहा कि अभद्र गाने लगाकर गलत दिशा देकर आने वाली पीढी को दिग्भ्रमित किया जा रहा है। माता की भक्ति के नाम पर जिस प्रकार अभद्र गाने परोसे किये जा रहे हैं वह धिक्कार है। उन्होने कहा कि अश्लील गाने परोसकर आने वाली पीढी को बर्बाद करने का काम किया जा रहा है। आयोजन को पैसे कमाने का धंधा बतलाते हुए कहा कि आयोजन मे मर्यादा को बनाए रखना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सनातन धर्म को बर्बाद करने का काम किया जा रहा है। डांडिया में अश्लील गीत को लेकर उन्होने आगे कहा कि ऐसा आयोजन कतई स्वीकार नही है। और यदि यही स्थिति रही तो अगले वर्ष किसी भी रूप में आयोजन नही होने दिया जाएगा।

### सोसायटी नाम की...आयोजन का नेतृत्व बिल्डर ने किया

शहर में गरबा को लेकर बड़े बड़े होर्डिंग लगाए गए थे जिसमें आयोजन समिति का नाम तो यूनिटी वेलफेयर सोसायटी दिया गया था लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इसका नेतृत्व बिल्डर संजय अग्रवाल के द्वारा किया जा रहा था,सूत्रों का कहना है कि बिल्डर द्वारा नेतृत्व के कारण ही कई परिवारों ने अपने घर की माताओं बहनों को इस आयोजन से दूर रखा था।

### अंतिम दिवस महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ विधायक भी हुए शामिल


आस्था है या अश्लीलता के लिए अवसर,नवरात्रि पर्व पर हो रहे कई सांस्कृतिक आयोजनों में अश्लीलता परोसे जाने का लग रहा आरोप ?

-रवि सिंह-
कोरिया,08 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

-रवि सिंह-
कोरिया,09 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

बिल्डर की अगुवाई में रामानुज मिनी स्टेडियम में दो दिवसीय गरबा के आयोजन में इस बार विवाद ही देखने को मिला,पहले दिवस बाउसंर और भाजयुमो जिला महामंत्री के बीच विवाद हुआ तो वहीं अब आयोजन में माता के भजनों के नाम पर बजाये गए गानें को लेकर आपत्ति दर्ज कराई जा रही है,भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेष प्रताप सिंह ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद सोशल मीडिया पर लाईव आकर तीखी प्रतिक्रिय व्यक्त दी है, उन्होने कहा है कि संस्कृति के खिलाफ ऐसा कार्य नही किया जाएगा,आक्रोशित अंदाज में उन्होने आयोजन समिति को चुनौती भी दी है और कहा कि ऐसी स्थिति में अगले वर्ष आयोजन को लेकर जोरदार विरोध किया जाएगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष की प्रतिक्रिया पर लोग अब कार्यक्रम की निंदा भी कर रहे हैं। ज्ञात हो कि बैकुंठपुर




के बिल्डर और वर्तमान में जमानत पर चल रहे संजय अग्रवाल की अगुवाई में इस बार यह आयोजन किया गया 7 एवं 8 अक्टूबर को हुए इस आयोजन में अंतिम दिवस महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं विधायक भैयालाल राजवाड़े भी शामिल थे।

### गरबा के नाम पर अश्लीलता बर्दास्त नही...भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश

आपको बता दे की कोरिया जिले में नवरात्रि के समय पर चल रहे जगराता कार्यक्रम,या गरबा कार्यक्रम में अश्लील गानों का विरोध करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने मिडिया से कहा कि इस कोरिया जिले की पावन धरती पर ऐसे आयोजन बर्दास्त नही होगा सनातन धर्म को बदनाम करने वाले आयोजन का पूर्ण बहिस्कार होना चाहिए हितेश ने कहा जहां एक और माता की भक्ति का समय है माता की पूजा पाठ का समय है तो दूसरी और अश्लील और फूहड़ गाना बजा कर गरबा, डांडिया के नाम का नृत्य करवाना बहुत ही गलत है इस प्रकार के आयोजन से हमारी भारतीय संस्कृति बदनाम होती जा रही है आने वाली पीढ़ी और युवाओं को भी गलत दिशा दिया जा रहा है इस प्रकार का आयोजन अगर होगा तो उसका हर तरह से विरोध होगा जो जिस भाषा में फिर समझेगा उस भाषा में समझा दिया जायेगा कोरिया जिले के संतान समाज में अपील करते हुए हितेश ने कहा कि ऐसे आयोजन का विरोध और पूर्ण रूप से बहिष्कार होना चाहिए।

# मिनी स्टेडियम में चल रहे गरबा में मचा बवाल

## बांउसरों की हुज्जतबाजी के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष के पुत्र ने एक बार फिर मचाया उत्पात

### शांत शहर में आयोजको ने बुलाया बांउसर,चर्चा का विषय, भाजपा जिलाध्यक्ष की पत्नी से हुआ था विवाद



-रवि सिंह-
कोरिया,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर जैसे शांत शहर में भी अब आयोजक बाउंसर बुलाने लगे हैं,एक आयोजन में बाउंसरों का बुलाया जाना और विवाद चर्चा का विषय बन गया है। इस बार विवाद का कारण बाउंसर और भाजपा जिलाध्यक्ष की पत्नी के बीच हुए विवाद को बतलाया जा रहा है,विवाद के बाद जिलाध्यक्ष के पुत्र द्वारा काफी देर तक उत्पात मचाया गया काफी गाली गलौज किया गया,आयोजकों के मान मनौव्वल के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ। गरबा का आयोजन रामानुज मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है जिसका नेतृत्व बिल्डर और विभिन्न अपराधो के कारण वर्तमान में जमानत पर चल रहे संजय अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है।



### भाजपा जिलाध्यक्ष की पत्नी से हुआ विवाद

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा बतलाया जाता है कि नवरात्र के शुभ अवसर पर रामानुज मिनी स्टेडियम में 7 अक्टूबर से तीन दिवसीय गरबा का आयोजन किया गया है। आयोजन के पहले दिन काफी संख्या में महिला एवं युवतियां गरबा खेलने हेतु एकत्र हुई थीं,प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इस आयोजन में आधा दर्जन से अधिक बाउंसरों को लगाकर रखा गया था,जिनमें महिला बाउंसर भी शामिल थी। कार्यक्रम 9 बजे रात्रि से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा इसी बीच रात लगभग 11 बजे कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल की पत्नी अंजली जायसवाल के वहां पहुंचने पर इंट्री की बात को लेकर उनके और महिला बाउंसर के बीस कहा सुनी होने लगी, इसी बात पर महिला बाउंसर ने जिलाध्यक्ष की पत्नी का हाथ पकड़ लिया इसके बाद विवाद बढ गया। बतलाया जाता है कि उक्त घटना से व्यथित जिलाध्यक्ष की पत्नी ने अपने पुत्र भाजयुमो जिला महामंत्री कुणाल जायसवाल को मोबाईल पर घटना की जानकारी दी जिसके बाद कुणाल जायसवाल अपने अन्य मित्रों को साथ लेकर गरबा आयोजन स्थल पहुंच गया और उसके द्वारा आयोजकर समिति से लेकर बांउसरों से काफी कहा सुनी की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जिलाध्यक्ष के पुत्र ने बाउंसरो से काफी गाली गलौज किया, महिला बाउंसर द्वारा क्षमा याचना भी की गई जिसके बाद भी उसने नही सुना। काफी देर तक चले बवाल के बाद आयोजकों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। लेकिन उसके बाद देर रात तक एक निजी होटल में भी विवाद होने की जानकारी सामने आ रही है।

### शांत शहर में बाउसंर बुलाना कितना सही

बैकुंठपुर जैसे शांत शहर में आयोजकों ने अति उत्साह का परिचय देते हुए रायपुर से बाउंसर बुलाया और इन्ही बाउंसरों के कारण विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई। शहर में पहली बार ऐसा मौका था जब किसी धामिक आयोजन में बाउंसर बुलाये गए थे इससे पहले कई बार शहर में गरबा समेत अन्य धार्मिक आयोजन किये गए लेकिन बाउंसर नही बुलाये गए थे,इस बार आयोजन में यह बात चर्चा का विषय बना रहा। हलांकि विवाद के बाद बाउंसरो को वापिस भेज दिया गया दूसरे दिन के आयोजन में बाउंसर नदारद रहे।

### जिलाध्यक्ष के पुत्र ने तोड़ी मर्यादा,महिला शक्ति के सामने की गाली-गलौज

गरबा के आयोजन में महिला बाउंसर ने नियम के मुताबिक इंट्री पास की मांग जिलाध्यक्ष की पत्नी से किया था और इसे लेकर ही विवाद उत्पन्न हुआ। खबर पाकर आग बबूला हो कर पहुंचे जिलाध्यक्ष के पुत्र ने वहां मातृशक्ति के सामने काफी गलौज किया ऐसे शब्दों का उपयोग किया गया जिससे कि वहां मौजूद मातृशक्तियां खुद शर्मिंदा महसूस कर रहीं थीं। जिसकी कड़े शब्दो में निंदा भी हो रही है। ज्ञात हो कि जिलाध्यक्ष ने अपने पुत्र कुणाल जायसवाल को भाजयुमो का जिला महामंत्री बनाकर रखा है, उसके द्वारा भाजयुमो कार्यकर्ताओं से भी आए दिन विवाद किया जाता है। यही नही पिछ्ले महीने ही वन कर्मचारी आदिवासी महिला से भी जिलाध्यक्ष पुत्र द्वारा विवाद किया गया था मामला चरचा थाने तक भी गया लेकिन वन विभाग के मठाधीशों ने मामला शांत करा दिया था। अब एक बार फिर जिलाध्यक्ष के पुत्र ने आवेश में आकर विवाद और गाली-गलौज किया जिससे समझा जा सकता है कि उस पर सत्ता का नशा सर चढ कर बोल रहा है जिससे पार्टी की छवि भी खराब हो रही है।

# पुलिस ने जीजा के हत्यारे आरोपी साले को किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



जिले में विगत दिनों हुए हत्या के मामले को पुलिस ने महज 48 घंटे मे सुलझाया। पुलिस ने मामले का खुलाशा करते हुए जानकारी दी की सूचक श्रीमति सुकृता कंवर पति स्व शिव कंवर उम्र 42 वर्ष निवासी डिंगापुर की दिनांक 08.10.2024 को थाना उपस्थित आकर मर्ग इंटिमेशन चाक कराई कि, दिनांक 07.10.2024 को अपने डयूटी मे प्रयास हॉस्टल डिंगापुर चली गई थी तथा घर में इसका पति मृतक शिव कुमार कंवर एवं इसका बेटा देवाशीष था । जो इसका पति शिव कुमार कंवर इसे फोन कर बताया कि तुम्हारा भाई दादू उर्फ चन्द्र भुवन कंवर घर आया है तुमसे बात करना चाहता है। तब यह अपने भाई से बात की और इसका भाई बताया कि डेविड मुझे मारने के लिए दौड़ा रहा है इसलिए तुम लोग के यहां आया हूं। तब यह अपने पति मृतक शिव कुमार कंवर को बोले की दादू उर्फ चंद्रभुवन कंवर को तुम खाना खिला दो। तब इसका पति मृतक शिव कुमार कंवर बोला कि इसे कितना खिलाउं,कितना दान करूं कहकर फोन रख दिये। रात्रि 8.23 बजे इसे फोन कर बताये कि तुम्हारे पापा रोते हुए जा रहे कि मेरे दामाद को कोई मार दिया तब यह घर जाकर देखी तो इसका पति मृतक शिव कुमार कंवर की लाश घर के परछी पर खून लतपत पडा था। जिसके सिर गला चेहरा पर गहरा चोट का निशान था किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा टांगी जैसी धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई है कि रिपोर्ट पर मर्ग इंटिमेशन चाक कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया था जो विवेचना दौरान मामले में अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबध्द किया गया। हत्या के आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाईन स्टाफ एवं सायबर सेल कोरबा की टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी । जो मृतक शिव कुमार कंवर की साली महिला आरक्षक सुनिता कंवर के सूचना संकलन से पता चला कि आरोपी/संदेही दादू उर्फ चंद्रभुवन कंवर का ग्राम गिधौरी मे होना पता चला है जिसे सायबर सेल की टीम के द्वारा आरोपी संदेही दादू उर्फ चंद्रभुवन कंवर को ग्राम गिधौरी से थाना लाकर पेश किये है। जो आरोपी दादू उर्फ चंद्रभुवन पिता मंगल सिंह कंवर उम्र 34 वर्ष निवासी सिंचाई कालोनी रामपुर जिला कोरबा से पूछताछ किया गया जो बताया कि मेरे जीजा मृतक शिव कुमार कंवर के द्वारा मेरी दीदी से मुझे काम धाम नहीं करना, फालतू पडा रहना बोले जाने पर उसकी बातो का बुरा मानकर टांगी से मारकर हत्या करना स्वीकार किया जिसका मेमोरेण्डम कथन लिया गया घटना में प्रयुक्त टांगी को जप्त किया जाकर विधिवत गिर. कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी की गिरफ्तारी में वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार सायबर सेल कोरबा के प्रआर राजेश कंवर, आरक्षक सुशील यादव, आरक्षक रितेश शर्मा, आरक्षक आलोक टोप्पो, आरक्षक खेमराज राजपूत एवं रक्षित केन्द्र कोरबा से महिला आरक्षक सुनिता कंवर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दुर्गा पूजा पंडाल में महिला सशक्तिकरण से जोड़ने का किया गया प्रचार-प्रसार

-संवाददाता-
खड़गवां,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



नवरात्रि पर्व के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिकाओं की सुरक्षा को देखते हुए महिला बाल विकास विभाग खड़गवां जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के मुख्यालय जनपद प्रांगण में स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला सशक्तिकरण से जोड़ने का एवं प्रचार प्रसार महिला बाल विकास खड़गवां की पहल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित परियोजना अधिकारी खड़गवां निर्मला बरुआ एवं सेक्टर सुपरवाइजर लाली प्रजापति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गढीपारा गंगा गुप्ता चारपारा माधुरी देवी राघवगंज इंद्रा जनकपुर ओमवती गजमरवापारा सविता सिंह उपस्थिति रही कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बालिकाओं के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैनर पोस्टर के माध्यम से बालिका सुरक्षा भ्रूण हत्या रोकने बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु सुनिश्चित किया गया । बालिकाओं को इस नवरात्रि पर्व पर नवदुर्गा स्वरूप मानते हुए इनकी सुरक्षा एवं शिक्षा पर जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए ये आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्र की बालिकाओं ने एवं परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास सेक्टर सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह से कार्यक्रम में भाग लेकर जनसमुदाय को संदेश ज्ञापित किया है।

# एनीकट पचरा में लूट करने वाले दो फरार आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, डीएसपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना बांगो के अपराध क्रमांक 160/2024 धारा 331 (4), 309 (4), 310 (2) बीएनएस में फरार आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल किया गया है। प्रकरण में प्रार्थी जयेश मिश्रा पिता राजेश मिश्रा उम्र 29 वर्ष साकिन रानीरोड कोरबा का दिनांक 31.08.2024 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया कि यह ठेकेदारी का काम करता है, इसकी कंपनी बीपी मिश्रा एण्ड कंपनी के द्वारा ग्राम पचराताननदी में एनीकट निर्माण का काम चल रहा है, वहीं कैम्प भी बना है। कैंप में 2 पोकलेन, 1 हाईवा, 350 नग लोहे का प्लेट, 3 नग वाईब्रेटर, 5 नग 5 एचपी का पानी पंप, 1 जनरेटर, 6 टन छड़, 20 लोहे का लाईप, एंगल, 4 नग बैटरा एवं अन्य निर्माण सामाग्री रखी है तथा दो रूम स्टाफ एवं चौकीदार के लिये बनाये हैं, जिसमें सुपरवाईजर विजय साहू और चौकीदार हेमंत कुमार तंवर दोनो अलग अलग



कमरे में सोते हैं। दिनांक 31.08.2024 के रात्रि करीबन 03ः30 बजे मोबाईल फोन से जानकारी हुआ कि 3 अज्ञात नकाबपोश कैम्प में घुसकर चौकीदार हेमंत कुमार और सुपरवाईजर विजय साहू का हाथ बांध दिये हैं और कमरे में रखा 4 नग बैटरी, 2 पानी पंप एवं 80 नग लोहा प्लेट तथा सुपरवाईजर के रूम में बिस्तर के नीचे पर्स में रखे 14000/- रूपये को चोरी कर ले गये हैं, घटना रात्रि 12-02 बजे के बीच में करना बताया कि रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था पूर्व में प्रकरण के 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। दिनांक 08.10.2024 को मुखबीर की सूचना पर फरार आरोपी मोहम्मद सलमान को पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया तथा उसके हिस्से में मिले रकम में से कुछ को खर्च करना बताया तथा शेष बचे कुछ रकम को पेश करने पर जप्त किया गया है। आरोपी मोहम्मद सलमान साकिन पूछापारा कटघोरा के मेमोरेण्डम के आधार पर जिसान मोहम्मद साकिन मेला ग्राउण्ड कटघोरा को पकड़कर पूछताछ किया गया जो अपराध स्वीकार किया एवं घटना के दिन जिसान मोहम्मद के द्वारा ही चौकीदार तथा सुपरवाईजर को बांधकर सुपरवाईजर के रूम से 14,000/- रूपये को लूट लेना बताया है, उसके हिस्से में मिले रकम में से कुछ को खर्च करना बताया तथा शेष बचे कुछ रकम को पेश करने पर जप्त किया। दोनो आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य पाये जाने से आरोपीगणों गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के अन्य मुख्य आरोपी घटना के बाद से फरार हैं जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जावेगा। उक्त मामले के निराकरण करने में निरी. उषा सोधिया, सउनि ओमप्रकाश परिहार, आरक्षक अशोक खरे, जय प्रकाश यादव, गजेन्द्र बिंझवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


**छत्तीसगढ़ शासन,जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,जल संसाधन संभाग बलरामपुर**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

शुद्धि पत्र क्रं.1

निविदा सूचना क्र.03/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 16.09.2024 सिस्टम नं. 158559(प्रथम आमंत्रण) विज्ञापन क्रं. 242502539 में संशोधन निम्नानुसार किया जाता है:-

| स. क्रं. | विवरण | पूर्व प्रसारित | संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid Due date& time | 07-10-2024,17:30 Hours | 21-10-2024,17:30 Hours |
| 2 | Bid Open,Start date& time | 08-10-2024,11:30 Hours | 22-10-2024,17:30 Hours |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
कृते-मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग

जी.नंबर-242503036/4



**न्यायायालय- श्री डायमंड कुमार गिलहरे,व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर,छ0ग0**

ईश्तहार

प्रोसेस नम्बर - ................
उ0प्र0क्र0 - 162अ/2024
पेशी तिथि - 16/10/2024

1- श्रीमती आशा यादव पत्नि स्व0 भाष्कर कुमार यादव, उम्र 29 वर्ष,
2- लक्ष्य यादव आ0 भाष्कर कुमार यादव, उम्र 10 वर्ष,
3- तनमय यादव आत्मज भाष्कर कुमार यादव उम्र 08 वर्ष,
क्रमांक 2 व 3 अवयस्क द्वारा वली संरक्षिका माता श्रीमती आशा यादव पति स्व0 भाष्कर कुमार यादव,क्रमांक 1 से 3 सभी जाति अहीर (यादव), निवासी ग्राम रघुनाथनगर, थाना व तहसील प्रेमनगर, जिला सूरजपुर,छ0ग0

...वादीगण

1- महानिदेशक,नगर सेना एवं अग्निशमन आपातकालीन सेवाएं तथा एस0डी0आर0एफ0 मुख्यालय छ0ग0 सेक्टर-19 अटलनगर,रायपुर,छ0ग0
2- संभागीय सेनानी अधिकारी, नगर सेना सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर,जिला सरगुजा
3- जिला सेनानी अधिकारी, नगर सैनिक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, जिला सूरजपुर,छ0ग0
4- गोपाल राम यादव आत्मज जेठू राम यादव, उम्र 58 वर्ष, जाति यादव (अहीर) पेशा कृषि,
5- चरणजीत कुमार यादव आत्मज गोपाल राम यादव, उम्र 26 वर्ष पेशा कृषि क्रमांक 4 व 5 निवासी ग्राम रघुनाथनगर, थाना व तहसील प्रेमनगर, जिला सूरजपुर
6- छ0ग0 शासन द्वारा कलेक्टर सूरजपुर, जिला सूरजपुर,छ0ग0
7- आम जनता

...प्रतिवादीगण

ईश्तहार

इस ईश्तहार के जरिये अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादीगण क्र-01, के पति एवं 02 से 03 के पिता स्व0 भाष्कर कुमार यादव पिता गोपाल राम यादव की मृत्यु दिनांक 25/07/2023 को सेवाकाल के दौरान हो चुका है। स्व0 भाष्कर कुमार यादव पिता गोपाल राम यादव के मृत्यु के पश्चात उसके उत्तराधिकारी, वादीगण क्र-01, 02 एवं 03 है, जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत आवेदक पत्र अंतर्गत धारा 372 भ0 उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये हैं। स्व0 भाष्कर कुमार यादव नगर सेना कार्यालय जिला सूरजपुर में नगर सैनिक क्रमांक 24 के पद पर कार्यरत थे,जिनकी मृत्यु के पश्चात मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि, ग्रेज्युटी, नौकरी के दौरान मृत्यु पर उपदान राशि देय क्लेम, बकाया वेतन का भुगतान, पेंशन का भुगतान स्व0 भाष्कर कुमार यादव पर आश्रित वादीगण क्र0 01 से 03 है। अनुकम्पा नियुक्ति हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता वादीगण को है इस प्रकार स्व0 भाष्कर कुमार यादव की मृत्यु के उपरांत प्रथम उत्तराधिकारी माना वादीगण ही है। यदि कोईव्यक्ति कोई दावा या हक रखते है, तो कैफियत के साथ पेशी दिनांक 16/10/2024 को दिन के ठीक 11ः बजे, इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो।

अतः आप, बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो, जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 19/09/2024 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

(डायमंड कुमार गिलहरे)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)


# शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सीईओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मिला टीचर्स एसोसियेशन

-संवाददाता-
सूरजपुर,09 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्याओं को लेकर टीचर्स एसोसियेशन का प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत सीईओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी आर एल पटेल से मुलाकात कर क्रमोन्नत आवेदन के साथ साथ पंचायत अवधि का लंबित एरियर्स राशि की गणना करने के साथ प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर शीघ्र पदोन्नति देने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह प्रदेश पदाधिकारी अजय प्रताप सिंह,मुकेश मुदलियार, सूरजपुर जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारियों से क्रमोन्नति हेतु प्राप्त आवेदन का त्वरित निराकरण करने,पंचायत अवधि का लंबित पुनरीक्षित वेतनमान,महंगाई भत्ता,वेतन वृद्धि,वेतन सहित अन्य का एरियर्स गणना कर सूचना पटल पर प्रकाशित करने के साथ ही रिक्त प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति प्रदान करने की मांग की है।



प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह ने बताया कि क्रमोन्नति हेतु आवेदन सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों द्वारा नियोक्ता को दी गई है उक्त विषय पर कार्यवाही जल्द करने का मांग किया गया है प्रदेश में अत्यधिक संख्या में आवेदन दिए गए है जिस पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है इन्होंने बताया कि पंचायत अवधि का एरियर्स राशि अभी भी अप्राप्त है जिसकी गणना हेतु संघ द्वारा कई बार मांग किया गया है परंतु गणना की गति एक दम धीमा है किसी भी विकास खण्ड में कितनी राशि एरियर्स की लंबित है शिक्षकों को नहीं बताया गया है,जो उचित नहीं हैं शिक्षको के लंबित समस्त एरियर्स की गणना कर जानकारी शिक्षको को देना चाहिए जिससे शिक्षक भी जान सके कि कितना राशि एरियर्स के रूप में उनका लंबित है । जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने बताया कि जिले में रिक्त प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के पदों पर वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर जल्द पदोन्नति प्रदान करने की मांग किया गया है इन्होंने बताया कि जिले में एक सौ पचास से ज्यादा प्रधानपाठक के पद रिक्त है ऐसी स्थिति में एक अप्रैल चौबीस की स्थिति में वरिष्ठता सूची तैयार कर पदोन्नति प्रदान करना चाहिए,जिला शिक्षा अधिकारी आर एल पटेल ने बताया कि जल्द ही पदोन्नति प्रक्रिया आरंभ की जाएगी इन्होंने बताया कि जल्द वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर दावा आपत्ति आमंत्रित की जावेगी ।इस अवसर पर टीचर्स एसोसियेशन के जिला पदाधिकारी सुरविन्द गुर्जर,गौरी शंकर पांडेय, घनश्याम सिंह,रामचंद्र प्रसाद सोनी, अनुज राजवाड़े ,बिजेंद्र साहू,चंद्रविजय सिंह,टेक राम राजवाड़े,मिथिलेश पाठक,नागेंद्र सिंह, पीताम्बर सिंह मरावी,चंद्रदेव चक्रधारी, रामबरन सिंह, जितेंद्र सिंह, बिनोद केराम, संजय चतुर्वेदी, बिरेंद्र सिंह, जानकी प्रसाद यादव,अरविंद तिवारी,जितेंद्र नाथ दुबे,बहादुर राजवाड़े उपस्थिति रहे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /सक्षम प्राधिकारी,सूरजपुर, जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**

रा.प्र.क./अ-2/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्रामीण जन ग्राम-तिलसिवां को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रश्मी पाण्डेय पति श्री अमित कुमार शर्मा, जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम सूरजपुर, तहसील व जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-तिलसिवां, प0ह0नं0 07, रा0नि0मं0 बसदेई तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 15001/11 रकबा 0.032 हे0 कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 23/10/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09/10/2024 न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन,सूरजपुर

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### भारतीय महिला टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**अस्ताना,09 अक्टूबर 2024।** बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में आयोजित हुई। जहां सेमीफाइनल में भारत और जापान का मुकाबला हुआ। इस दौरान भारत को जापान के खिलाफ 1-3 से हार झेलनी पड़ी इसकी के साथ भारत ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। 1972 के बाद भारत के लिए महिला टीम स्पर्धा में ये पहला पदक है।

### तेज गेंदबाज मयंक यादव को टेस्ट में आजमाने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहियेः आरपी सिंह



**मुंबई,09 अक्टूबर 2024।** बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह का मानना है कि मयंक यादव को टेस्ट क्रिकेट में लाने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह अपने करियर के शुरुआती दौर में है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी गति से प्रभावित करने वाले मयंक ने ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती टी20 में भारत के लिए शानदार पदार्पण किया। मयंक ने अभी तक सिर्फ एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है लेकिन उनकी विशेष प्रतिभा को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय टीम में शामिल कर लिया गया है। आरपी सिंह मयंक की गति और नियंत्रण से प्रभावित हैं लेकिन उन्हें लगता है कि ऐसे गेंदबाज के लिए ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का हिस्सा बनना जल्दबाजी होगी।

### जो रूट ने रचा इतिहास, एलेस्टर कुक को पछाड़ा, राहुल द्रविड़ के करीब पहुंचे



**मुल्तान,09 अक्टूबर 2024।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। जहां मुल्तान स्टेडियम में इंग्लैंड की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए स्टार बल्लेबाज जो रूट ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, जो रूट ने मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को एलेस्टर कुक के 12, 472 रनों के रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। वह इंग्लैंड के सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। 33 वर्षीय रूट ने शानदार अंदाज में ये उपलब्धि हासिल की। वह पाकिस्तान के तेज गेंदबाज आमिर जमाल की गेंद पर चौका लगाकर 71 रन पर पहुंचे। उन्होंने कुक को पीछे छोड़ दिया।

# टीम इंडिया ने किया दिल्ली का किला फतह

**» पहली बार किया ये बड़ा कारनामा...**




**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024।** भारत ने दिल्ली में दूसरा टी 20 आई मैच जीतने के साथ ही बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज अपने नाम कर ली। भारत ने पहला टी 20 आई मैच 7 विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा मैच 86 रन से जीतते ही 3 मैचों की टी 20 आई सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 221 रनों का स्कोर खड़ा किया था। भारत के लिए नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह ने शानदार अर्धशतक जड़े थे।
भारत के 221 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए बांग्लादेश के बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सके और पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 135 रन ही बना सकी। इस तरह भारत ने साल 2024 में अपना 28वीं जीत हासिल की। अब भारत के पास अगले मैच में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा जीत के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका होगा। एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड युगांडा के नाम है। युगांडा ने साल 2023 में 29 जीत हासिल की थी।
भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद 9 विकेट पर 221 रन बनाने के बाद बांग्लादेश की पारी को 9 विकेट पर 135 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश के लिए महमुदुल्लाह ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और नीतिश कुमार रेड्डी ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। नीतीश रेड्डी ने अपने दूसरे ही मैच में शानदार अर्धशतक जड़ने के अलावा 2 विकेट निकालने का भी काम किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया।
इस मैच में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। नीतीश रेड्डी और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट अपनी झोली में डाले जबकि वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, मयंक यादव, अभिषेक शर्मा और रियान पराग ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। इस तरह टीम इंडिया ने नया इतिहास रच दिया। दरअसल, यह पहली बार है जब किसी टी 20 आई मैच में 7 भारतीय गेंदबाजों ने विकेट झटकने का बड़ा कारनामा किया है।

### भारतीय बल्लेबाजों ने मैच में लगाए कुल 15 छक्के

बांग्लादेश के खिलाफ मैच में नितीश रेड्डी ने 7 छक्के, रिंकू सिंह ने 3 छक्के, हार्दिक पांड्या और रियान पराग ने 2-2 छक्के वहीं अर्शदीप सिंह ने एक छक्का लगाया। भारतीय टीम की तरफ से मैच में बल्लेबाजों ने कुल 15 छक्के लगाए। इसी के साथ भारत ने वेस्टइंडीज का वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। भारतीय टीम अब बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 आई मैच में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाली टीम बन गई है। बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 आई मैच में वेस्टइंडीज ने साल 2012 में कुल 14 छक्के लगाए थे, पर अब भारतीय टीम इस रिकॉर्ड को तोड़कर पहले नंबर पर पहुंच गई है।

### नितीश रेड्डी और रिंकू सिंह ने लगाए अर्धशतक

बांग्लादेश के खिलाफ मैच में टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही थी। जब संजू सैमसन (10 रन), अभिषके शर्मा (15 रन) और कप्तान सूर्यकुमार यादव 8 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद नितीश कुमार रेड्डी और रिंकू सिंह ने दमदार बैटिंग की और टीम इंडिया को संकट से निकल लिया। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने अर्धशतक लगाए। नितीश ने 74 रन और रिंकू ने 53 रनों की पारी खेली। हार्दिक पांड्या ने ताबड़तोड़ 19 गेंदों में 32 रन बनाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही भारतीय टीम मैच में 200 प्लस रन बनाने में कामयाब हो पाई।

# पहले 2 मैचों के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**» रिद्धिमान साहा की वापसी लेकिन मोहम्मद शमी का नहीं नाम**



**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024।** भारतीय टीम इन दिनों बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 आई सीरीज खेलने में व्यस्त है। 3 मैचों की टी 20 आई सीरीज का दूसरा मुकाबला आज यानी 9 अक्टूबर को खेला गया। इसके बाद सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच हैदराबाद में होगा। इस बीच भारतीय घरेलू क्रिकेट का सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है। ये टूर्नामेंट है रणजी ट्रॉफी जिसके लिए बंगाल ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। बंगाल ने 19 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें आकाश दीप को शामिल किया गया है लेकिन टीम इंडिया के दिग्गज गेंदबाज का नाम शामिल नहीं हैं। बंगाल ने पहले 2 मैचों के लिए अपनी टीम की घोषणा की है और तीसरे मैच के लिए टीम में कुछ बदलाव किए जा सकते हैं।

### शमी का टीम में नहीं नाम

बंगाल की टीम से मोहम्मद शमी का नाम गायब है। शमी 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से क्रिकेट के किसी भी प्रारूप से दूर हैं। भारतीय टीम के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे को देखते हुए इस दिग्गज गेंदबाज के टीम में शामिल होने की उम्मीद थी, लेकिन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) द्वारा घोषित पहले दो राउंड के लिए शमी को टीम में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि, शमी के भाई मोहम्मद कैफ टीम का हिस्सा हैं। रणजी ट्रॉफी का 11 अक्टूबर से आगाज होगा जिसमें बंगाल अपना पहला मैच उत्तप प्रदेश के खिलाफ लखनऊ में खेलेगी।

### साहा की टीम में वापसी

एक अन्य भारतीय तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व किया है, पहले कुछ राउंड से गायब हैं। हालांकि, उनके हमनाम, हिमाचल प्रदेश के एक लेग स्पिनर, जो 2024-25 संस्करण से पहले बंगाल में शामिल हुए थे, को जोड़ा गया है।सीएबी के साथ अपने मतभेदों को सुलझाने के बाद रिद्धिमान साहा ने पिछले कुछ सीजन त्रिपुरा में बिताने के बाद बंगाल में वापसी की है। साहा ने पहले बंगाल के साथ अपने घरेलू करियर को खत्म करने की इच्छा जताई थी। अभिषेक पोरेल बंगाल की टीम में एक और विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं।

**रणजी ट्रॉफी 2024-25 के लिए बंगाल टीम:** अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुदीप चटर्जी, अभिमन्यु ईश्वरन, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रितिक चटर्जी, शाहबाज अहमद, आकाश दीप, अनुस्तुप मजूमदार (कप्तान), आमिर गनी, सुदीप कुमार घरामी, अविलिन घोष , सूरज सिंधु जयसवाल, मोहम्मद कैफ, मुकेश कुमार, प्रदीप्ता प्रमाणिक, रिशव विवेक, रोहित कुमार, शुवम डे, युधाजीत गुहा।



### 18 वर्षीय नीमा 14 सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के शख्स बने

**मुंबई,09 अक्टूबर 2024।** नेपाल के 18 वर्षीय नीमा रिंजी शेरपा चीन में माउंट शिशापांगमा पर सफलतापूर्वक चढ़ने के साथ ही दुनिया के 14 सबसे ऊंचे पहाड़ों (8,000 मीटर से अधिक) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बन गए हैं।नीमा और उनके साथी पासंग नूरबू शेरपा बुधवार को सुबह 6:00 बजे (चीनी मानक समय) यानी भारतीय समयानुसार सुबह 3.30 बजे के बाद शिशापांगमा के शिखर पर पहुंचे, जो समुद्र तल से 8,027 मीटर ऊपर है।उन्होंने पोस्ट किया, आज, जब मैं अपनी 14वीं 8000 मीटर की चोटी पर खड़ा हूं, तो मैं यह विश्व रिकॉर्ड अपने प्रोजेक्ट शेरपापावर को समर्पित करता हूं।यह शिखर सम्मेलन सिर्फ़ मेरी व्यक्तिगत यात्रा का समापन नहीं है, बल्कि हर उस शेरपा को श्रद्धांजलि है जिसने हमारे लिए तय की गई पारंपरिक सीमाओं से परे सपने देखने की हिम्मत की है। पर्वतारोहण सिर्फ़ मेहनत से ज़्यादा है; यह हमारी ताकत, लचीलापन और जुनून का सबूत है।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल पाकिस्तान में नहीं दुबई में होगा! भारत के हिसाब से बदलेगा वेन्यू



**करांची,09 अक्टूबर 2024।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में होना है। भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने को लेकर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पहले ही साफ-साफ इनकार कर दिया है और हाइब्रिड मॉडल के तहत टूर्नामेंट खेले जाने को लेकर मांग की है।वहीं इस बीच टेलीग्राफ यूके की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान से बाहर कराए जा सकते हैं। अगर भारतीय टीम फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई तो इसे भी बाहर ही कराया जाएगा।
दरअसल, पाकिस्तान में अगले साल आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के पाकिस्तान जाने को लेकर चर्चा काफी तेजी से हो रही है। टेलीग्राफ यूके कि रिपोर्ट के मुताबिक, अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल लाहौर से दुबई कराया जा सकता है।
ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से कुछ दिन पहले तक आयोजन वेन्यू को लेकर सस्पेंस बना रहेगा। भारत अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेलेगा क्योंकि कथित तौर पर पड़ोसी देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण बीसीसीआई टीम भेजने को तैयार नहीं है।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान



**मेलबर्न,09 अक्टूबर 2024।** बांग्लादेश के बाद न्यूजीलैंड टीम 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आएगी। इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम की घोषणा हो गई है। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम को श्रीलंका दौरे पर 2-0 का क्लीन स्वीप झेलना पड़ा। इसके बाद भी स्क्वॉड में बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, इस दौरान कप्तान जरूर बदला गया है। टॉम लैथम को टिम साउदी की जगह कप्तान नियुक्त किया गया है।



## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए नवंबर के पहले हफ्ते में ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2024।** अगले महीने नवंबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी का आगाज होगा। इस ट्रॉफी में दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट मैच खेले जाएंगे जो की 22 नवंबर से शुरू होंगे। पीटीआई की खबर के मुताबिक, भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए कम से कम दो सप्ताह पहले यानी नवंबर के पहले हफ्ते में ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। दरअसल, रोहित शर्मा ब्रिगेड अपनी ए टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ एक या दो इंट्रा स्क्वॉड अभ्यास मैच खेलेगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर टेस्ट सीरीज खेलनी है। जिसके बाद भारतीय टेस्ट टीम मुंबई से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम का चयन रणजी ट्रॉफी के पहले दौर के बाद होगा। बीसीसीआई की चयन समिति अगले सप्ताह भारत की अंडर-25 टीम का भी चनय करेगी।

# संजय दत्त ने फिर की शादी!



संजय दत्त बॉलीवुड में ही नहीं, अब साउथ फिल्मों में भी अपनी फैन फॉलोइंग को बढ़ाने में जुटे हैं। पिछले कुछ सालों में वह लियो से लेकर केजीएफ चैप्टर 2 जैसी कई ब्लॉकबस्टर दक्षिण भारतीय फिल्मों में नजर आए। संजय दत्त अपनी प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहते हैं। अभिनेता के अफेयर्स हों या फिर तीन-तीन शादियां, उनकी लव लाइफ से जुड़ी बातें किसी से नहीं छिपी हैं। संजय दत्त और मान्यता दत्त इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में से एक हैं। इस बीच अभिनेता का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें तीन शादी कर चुके संजय दत्त ने चौथी बार फेरे लेते नजर आ रहे हैं।

### संजय दत्त ने मान्यता संग की पूजा

वीडियो में संजय दत्त के साथ उनकी लेडी लव मान्यता दत्त नजर आ रही हैं, जिसमें दोनों को दूसरी बार साथ में सात फेरे लेते देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर संजय दत्त और मान्यता दत्त का जो वीडियो सामने आया है, उसमें बॉलीवुड कपल को अपने घर की बालकनी में रखे हवन कुंड के इर्द-गिर्द फेरे लेते देखा जा सकता है। वीडियो में संजय दत्त ने जहां भगवा रंग का कुर्ता-धोती और दुपट्टा पहना है, वहीं मान्यता सफेद रंग के सूट में हैं।

### नवरात्रि के मौके पर संजय दत्त ने पत्नी संग लिए फेरे

दरअसल, संजय दत्त के घर में पिछले कुछ समय से रेनोवेशन का काम चल रहा था, जो हाल ही में पूरा हुआ। घर का काम पूरा होने पर और नवरात्रि का शुभ पर्व होने पर संजय दत्त ने अपने घर में पूजा का आयोजिन किया था। इसी पूजा के दारौन संजय दत्त और मान्यता दत्त ने सात फेरे लिए। दोनों का अग्नि कुंड के पास फेरे लेना इसी पूजा का हिस्सा था।

### 135 से ज्यादा फिल्में और तीन शादियां

संजय दत्त की प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ भी काफी चर्चा में रही है। अपने चार दशक के करियर में संजय दत्त ने 135 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। 65 साल के संजय दत्त ने तीन-तीन शादियां की हैं। उन्होंने 1987 में ऋचा शर्मा से पहली शादी की थी। लेकिन, 1996 में ब्रेन ट्यूमर के चलते ऋचा की मौत हो गई। इसके बाद एक्टर रिया पिल्लई से शादी की, लेकिन ये शादी लंबे समय तक नहीं टिक पाई। इसके बाद संजय दत्त ने मान्यता से तीसरी शादी की। इस शादी से दोनों के 2 बच्चे हैं।

## जिस प्रोस्थेटिक मेकअप पर आज इतरा रहे हैं सब, 43 साल पहले संजीव कुमार ने इसी से एक फिल्म में निभाए थे 9 रोल



बॉलीवुड में अपना एक अलग मुकाम बनाने वाले संजीव कुमार ने अपने 25 साल के करियर में सिर्फ 30 फिल्में ही कीं, पर ऐसी विरासत दे गए, जिसे आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भुला पाएंगी। फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अपनी जगह बनाने के लिए खूब मेहनत करनी पड़ी थी। पिता का निधन हुआ, तो मां के गहने बेचकर एक्टिंग स्कूल में एडमिशन लिया था। संजीव कुमार कॉमेडी से लेकर गंभीर, हर किरदार को अपने एक्टिंग टैलेंट से जीवंत कर देते थे। वह एक ऐसे एक्टर थे, जिसकी आजाद भारत में फिल्म को बैन कर दिया गया था।फिल्म स्टार्स अपने किरदार में ढलने के लिए एक्टिंग से लेकर पूरा लुक और हुलिया तक बदल लेते हैं। कई बार तो एक्टर्स को उनके बदले हुलिए में पहचान पाना भी मुश्किल हो जाता है। जिस तकनीक या मेकअप से एक्टर्स का मेकओवर किया जाता है, उसे ही प्रोस्थेटिक मेकअप कहा जाता है।
प्रोस्ठेटिक, मेकअप की ही एक तकनीक है, जिसकी मदद से एक एक्टर किसी किरदार में ढल जाता है। इसमें सिलकॉन रबर का इस्तेमाल करके पहले किसी भी शरीर के हिस्से या अंग का ढांचा तैयार किया जाता है। उसे फिर एक्टर पर फिट किया जाता है। कंगना रनौत ने इमरजेंसी में इंदिरा गांधी बनने के लिए प्रोस्थेटिक मेकअप किया। कमल हासन से लेकर आमिर खान, अमिताभ बच्चन, रणवीर सिंह और ऋतिक रोशन तक ने कई फिल्मों में प्रोस्थेटिक मेकअप का इस्तेमाल किया।
पर इस तकनीक को पहली बार इंडिया में संजीव कुमार लेकर आए। पहली बार जिस फिल्म में प्रोस्थेटिक मेकअप की तकनीक इस्तेमाल की गई थी, वह चेहरे पे चेहरा थी, जो साल 1981 में आई थी। इस फिल्म में संजीव कुमार थे, और उनका डबल रोल था। उन पर प्रोस्थेटिक मेकअप का इस्तेमाल मेकअप आर्टिस्ट शशिकांत म्हात्रे ने किया था।

### एक ही फिल्में निभाए थे 9 किरदार

संजीव कुमार एक ऐसे एक्टर थे, जिन्होंने एक ही फिल्म में 9 किरदार निभाए थे। इस फिल्म का नाम था नया दिन नई रात, जो साल 1974 में आई थी। इसमें उन्होंने अंधे से लेकर बीमार, बूढ़े, डाकू, जवान और किन्नर तक का रोल खुद निभाया था।

# सोफी चौधरी के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

### थाई स्लिट गाउन में एक्ट्रेस दिखीं बेहद खूबसूरत



एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स से अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में पैपराजी ने एक इवेंट के दौरान एक्ट्रेस को स्पॉट किया। जहां उनका कातिलाना अंदाज और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस देखकर लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है।सोफी चौधरी का नाम मल्टीटेलेंटेड एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल हैं। वो अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपनी फिटनेस और फैशन स्टेटमेंट्स को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस को पैपराजी ने एक इवेंट के दौरान स्पॉट किया। इस दौरान वो बेहद ही किलर लुक में नजर आई।फोटोज में आप देख सकते हैं सोफी चौधरी ने ऑरेंज कलर का थाई स्लिट गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।खुले बाल को कर्ली लुक में स्टाइल कर के और साथ ही मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो उनके हर एक लुक को फैंस फॉलो करते हैं। सोफी चौधरी की हर एक तस्वीर इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगती हैं।सोफी चौधरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

# अमित जोगी की चेतावनी से मची हलचल

» कहा...शराब कारोबारी चाचा-भतीजे को जेल भेजें....अन्यथा करेंगे आमरण-अनशन...

» बीजेपी विधायक धरमजीत पर संरक्षण देने का लगाया आरोप...

» सबूत के तौर पर केंद्रीय जांच एंजेसियों को सौंपेंगे दस्तावेज...

**रायपुर,09 अक्टूबर 2024(ए)।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष अमित जोगी ने शराब कारोबारी चाचा भतीजे की जोड़ी को जेल भेजने तक आमरण-अनशन करने का ऐलान करते हुए मोर्चा खोल दिया है। अमित जोगी ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट के जरिए शराब कारोबारी अमोलक और उनके भतीजे प्रिंस भाटिया को पिछले 15 सालों में हुए 30000 करोड़ के शराब घोटाले का सरगना बताया है। उन्होंने न केवल शराब कारोबारियों को खुली चुनौती दी है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक धरमजीत सिंह पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

### शराब घोटाले के मुख्य किरदार

अमित जोगी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में छत्तीसगढ़ में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का शराब घोटाला हुआ है। उनके अनुसार, इस घोटाले के मुख्य किरदार हैं अमोलक सिंह और उनके भतीजे प्रिंस भाटिया। जोगी का आरोप है कि ये दोनों प्रदेश की युवा पीढ़ी को नकली शराब के जरिए बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन दोनों ने शराब माफिया के रूप में छत्तीसगढ़ में अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया है और अब तक उन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है।





### घोटाले से जुड़े दस्तावेज हैं मेरे पास

अमित जोगी का कहना है कि उनके पास इस घोटाले से संबंधित सभी दस्तावेज मौजूद हैं, जिन्हें वे केंद्र सरकार की जांच एजेंसियों को सौंपने जा रहे हैं। अमित जोगी ने अपने बयान में राज्य और केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि अगर अमोलक सिंह और प्रिंस भाटिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे आमरण अनशन करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक इन दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल नहीं होता और उन्हें जेल नहीं भेजा जाता, वे अपने अनशन से पीछे नहीं हटेंगे।

### भाजपा विधायक धरमजीत सिंह पर लगाया आरोप

अमित जोगी ने इस मामले में तखतपुर के भाजपा विधायक धरमजीत सिंह पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि वे इन शराब कारोबारियों को बचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने धरमजीत सिंह को 'दलबदलू' नेता बताया और कहा कि वे अब भाजपा में शामिल होकर शराब कारोबारियों को संरक्षण दे रहे हैं।

### अपनी पार्टी को पुनर्जीवित करने का प्रयास?

यह बात जगजाहिर है कि जोगी परिवार की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) का वजूद लगभग ख़त्म सा हो गया है। ऐसे में अमित जोगी ने जिस आक्रामक ढंग से शराब लॉबी और विधायक पर हमला बोलै है, उससे यह तय हो गया है कि वे अपनी पार्टी को फिर से लाइम लाइट में लाने के प्रयास में जुट गए हैं। इस तथाकथित घोटाले से संबंधित दस्तावेज होने का अमित जोगी का दावा किस हद तक सही है, उसका आने वाले समय में खुलासा हो ही जायेगा। हालांकि अमित जोगी के शराब कारोबारियों को जेल भेजने तक आमरण अनशन के ऐलान ने जरूर शराब कारोबारियों सहित छत्तीसगढ़ के राजनैतिक हलके में हलचल जरूर पैदा कर दी है। अमित जोगी के पोस्ट की अंतिम लाइन से यह ही पता चलता है कि उन्होंने अब आरपार की लड़ाई का मूड बना लिया है ।



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से कर्नाटक से पहुंचा मृतक संजय का शव

**रायपुर,09 अक्टूबर 2024(ए)।**कर्नाटक के मंगलुरु में बोट से गिरने के कारण से हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में तपकरा के ग्राम सूंडरु निवासी संजय की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने त्वरित पहल करते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया। मृतक संजय के परिजनों ने दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया से मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाई और शव को उनके गृह स्थान सूंडरु पहुंचाया गया। इस कठिन समय में मुख्यमंत्री साय की मदद से परिजनों को संबल मिला।
मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन पर जिला प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए परिजनों ने आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल से साबित होता है कि वे हर नागरिक के दुख-दर्द में सहभागी बन रहे हैं और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर हैं। मंगलुरु थाना साउथ पुलिस स्टेशन, जिला दक्षिण कन्नड़ में संजय की मृत्यु के बाद उनका शव को हवाई जहाज के माध्यम से कल शाम रांची लाया गया। इसके बाद '1099 मुक्तांजलि' शव वाहन की मदद से मृतक संजय का शव उनके गृह ग्राम आज सुबह 5 बजे सूंडरु पहुंचाया गया।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### माशिमं ने बढ़ाई स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख



**रायपुर,09अक्टूबर 2024(ए)।**
छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए हाईस्कूल और हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा 2025 के आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। पहले अंतिम तिथि 8 अक्टूबर 2024 थी, जिसे अब बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2024 कर दिया गया है।

**विलंब शुल्क के साथ आवेदन**

अब परीक्षार्थी 30 अक्टूबर 2024 तक विशेष विलंब शुल्क ₹1540 के साथ अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं। माशिमं ने सभी मान्यता प्राप्त संस्थाओं को निर्देश दिए हैं कि वे इस अवधि के भीतर ऑनलाइन प्रविष्टि और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को पूरा करें।

**समय सीमा के बाद पोर्टल नहीं होगा चालू**

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद पोर्टल फिर से चालू नहीं किया जाएगा, इसलिए सभी संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

### डीएड डिप्लोमा अभ्यर्थियों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी



**रायपुर,09 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में डीएड डिप्लोमा अभ्यर्थियों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर जारी है। अभ्यर्थी प्राइमरी स्कूलों में नियुक्तियों की मांग को लेकर जोरदार तरीके से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं।आज, डीएड अभ्यर्थी जल समाधि लेकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। 2 अक्टूबर से शुरू हुए इस आंदोलन में हजारों की संख्या में अभ्यर्थी एकत्रित हुए हैं। उच्चतम न्यायालय ने इनके हक में फैसला सुनाया है, जिसके बाद अभ्यर्थियों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखेंगे, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं।प्रदर्शनकारी अपने हक के लिए एकजुट होकर सरकार से उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द उन्हें नौकरी मिल सके।

## दिसंबर-जनवरी में होंगे छत्तीसगढ़ के निकाय चुनाव

**रायपुर,09 अक्टूबर 2024(ए)।** इस वर्ष दिसंबर या अगले वर्ष जनवरी में होने वाले निकाय चुनावों को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी है। आने वाले कुछ दिनों में ही चुनाव के तारीखों की घोषणा हो सकती है और तारीख घोषित होते ही आचार संहित भी लग जाएगी। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निवार्चन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि परिसीमन और आरक्षण की कार्रवाई समय सीमा में पूरी की जाए। चुनाव के लिए ये दोनों ही प्रक्रियाएं महत्वपूर्ण होती है।
राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। सही मतदाता सूची सबसे ज्यादा आवश्यक है। आयुक्त सिंह ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसइस वराजू एस. आयोग के सचिव डा. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, उप सचिव डा. नेहा कपूर एवं आलोक श्रीवास्तव उपस्थित थे।



### इन क्षेत्रों में नहीं मिली परिसीमन की जानकारी

बैठक में नगरपालिकाओं में स्थानों के आरक्षण में वर्तमान स्थिति के साथ नगरीय निकायों (नपानि राजनांदगांव, नपापरि कवर्धा, कुम्हारी, बेमेतरा, तखतपुर) में न्यायालय के स्थगन के कारण परिसीमन की जानकारी अप्राप्त है। इसके संबंध में चर्चा की गई।

### वाहनों के किराये,प्रेक्षकों के मानदेय पर चर्चा

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के साथ ही भविष्य में होने वाले उप निर्वाचन के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों के किराये की दर, निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षकों के मानदेय, आम एवं उप निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन संचालन हेतु नियोजित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जाने वाले मानदेय दरों पर चर्चा हुई। साथ ही वाहन किराये पर के लिए वित्त विभाग की पूर्वानुमति से संबंधित भेजे गये प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

## राज्यपाल डेका ने लोहारीडीह अग्निकांड पर लिया संज्ञान



**कवर्धा,09 अक्टूबर 2024 (ए)।** जिला कवर्धा के लोहारीडीह गांव में हुए अग्निकांड के बाद पुलिस पिटाई के मामले में महिला आयोग की शिकायत पर राज्यपाल ने सरकार से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने महिला आयोग को भी कार्रवाई से अवगत कराने के लिए कहा है। राज्यपाल के अवर सचिव ने अपर मुख्य सचिव (गृह) को पत्र भेजकर महिला आयोग की जांच प्रतिवेदन भेजा है। इस पूरे मामले में पुलिस कार्रवाई से अवगत कराने कहा है। महिला आयोग ने कहा था लोहारीडीह में 33 महिलाओं को बर्बरता पूर्वक निर्वस्त्र करके बेदम पिटाई किया गया था। बाद में उन्हें दुर्ग महिला जेल में बंद कर दिया गया था, जिसकी इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से खबर मिलते ही छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने स्वतः संज्ञान में लेकर अपनी टीम के साथ महिला जेल दुर्ग का निरीक्षण किया था। जिस पर महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा इस पूरी घटना की रिपोर्ट तैयार कर सम्पूर्ण गोपनीय दस्तावेज ई मेल के माध्यम से भेजा गया था।

## महिलाओं के लिए साय सरकार की सौगात




» **पहले चरण में बनेंगे 179 महतारी सदन, मिलेंगी ये सुविधाएं**

**रायपुर,09 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में पहले चरण में 179 महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए स्वीकृति आदेश जारी कर दिया गया है। महतारी सदन निर्माण के लिए 52 करोड़ 20 लाख रुपये भी स्वीकृत किया गया है। पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की ओर पहले ही डिजाइन और प्राक्कलन तैयार कर राज्य शासन को भेजा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई थी।
एक महतारी सदन बनाने के लिए 29.20 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। महतारी सदन का निर्माण करीब 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। इसमें कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वॉटर हार्वेस्टिंग भी रहेगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बाउंड्रीवाल भी बनाए जाएंगे। सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

**महिलाओं को मिलेगा रोजगार : उपमुख्यमंत्री शर्मा**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको कामकाज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए गांवों में महतारी सदन बनाया जा रहा है। न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है।



## सीजीपीएसस ने सिविल जज मेंस परीक्षा का रिजल्ट किया घोषित

**रायपुर,09 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार आठ अक्टूबर को सिविल जज मेंस परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है. कुल 49 पोस्ट पर 151 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। अब सभी 151 उम्मीदवारों का साक्षात्कार किया जाएगा. इंटरव्यू डेट की घोषणा अभी नहीं की गई है. इसकी जानकारी सीजीपीएससी की तरफ से आने वाले दिनों में दी जाएगी. सीजीपीएससी ने अभी हाल में राज्य सिविल सेवा के रिजल्ट घोषित किए थे. उसके बाद अब सिविल जज मेंस परीक्षा का रिजल्ट आया है। सिविल जज की परीक्षा कब कब हुई? सिविल जज प्रीलिम्स की परीक्षा 3 सितंबर 2023 को हुई। उसके बाद इस परीक्षा में कुल 542 उम्मीदवारों का चयन मेंस परीक्षा के लिए हुआ। मेंस परीक्षा का आयोजन अगस्त 2024 में किया गया। 25 अगस्त 2024 को सिविल जज मेंस परीक्षा आयोजित की गई। सिविल जज मेंस परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार आठ अक्टूबर को जारी किया गया है। इसमें कुल 151 उम्मीदवार पास हुए हैं। जो अगले राउंड में इंटरव्यू को फेस करेंगे।

## कलेक्टर ने दो पिकअप वाहनों का चालान काटा

**महासमुंद,09 अक्टूबर 2024(ए)।** पिकअप में सवारियों को ले जाना आम बात है। समझाइश के बाद भी इस पर लगाम नहीं लग रही है। ऐसे में किसी मामले में बयान देने के लिए दो पिकअप में लदकर कलेक्टोरेट पहुंचे 42 ग्रामीण कलेक्टर की नजरों में चढ़ गए। कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग अधिकारी ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल पिकअप पर जुर्माना ठोक दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम अमलोर से 42 ग्रामीण किसी मामले में बयान देने के लिए दो पिकअप सीजी 04 एनए 5971 और सीजी 06 जीवाई6802 में सवार होकर महासमुंद कलेक्टोरेट पहुंचे थे, जिन्हें कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने देख लिया. इसके साथ ही उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया. सूचना पर परिवहन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर गाड़ी के कागजात चेक किए। पहले तो ड्राइवर के साथ ग्रामीणों को समझाइश दी, फिर नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन क्रमांक सीजी 04 एनए 5971 पर 6500 रुपए और वाहन क्रमांक सीजी 06 जीवाई6802 पर 5000 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।



## छत्तीसगढ़ में धर्म छुपाकर ढोंगी बाबा ने महिला से किया दुष्कर्म



» **जेल से पति को छुड़वाने का झांसा देकर ठग लिए तीन लाख**

**कवर्धा,09 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। साहिल खान नामक युवक ने खुद को राजू सिंह बताकर एक महिला के साथ धोखा किया।आरोपी ने पीड़िता को तांत्रिक होने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके पति को जेल से छुड़वाने का झूठा वादा कर उससे तीन लाख रुपये की ठगी की।प्रारंभिक जांच के अनुसार, लगभग छह महीने पहले पीड़िता की मुलाकात साहिल से हुई थी, जिसने तंत्र-मंत्र के जरिए अपनी पहचान स्थापित की।.उसने दावा किया कि वह पीड़िता के पति को एक गंभीर मामले (307) में जेल से जल्दी छुड़वा सकता है। इस झांसे में फंसकर, पीड़िता ने आरोपी को पैसे दिए,लेकिन इसके बदले में उसे सिर्फ धोखा मिला।

**आरोपी ने फर्जी आधार कार्ड बनवाकर छिपाई पहचान**

पुलिस ने बताया कि साहिल ने एक फर्जी आधार कार्ड बनवाया था, जिसमें वह खुद को हिंदू नाम राजू सिंह बताकर पेश कर रहा था।जब इस मामले की जांच की गई, तो पुलिस को उसकी असली पहचान का पता चला, जिसके बाद उसे मध्यप्रदेश के मंडला जिले से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, कवर्धा में आरोपी का जुलूस भी निकाला गया, जिससे लोगों को उसकी करतूतों के बारे में अवगत कराया गया।

## 34 तक पहुंचा नक्सलियों के मौत का आकड़ा,6 नक्सली घायल

**जगदलपुर,09 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों के आतंक के बीच दंतेवाड़ा-नारायणपुर की सीमा पर बीते दिनों थुलथुली की पहाड़ियों पर सुरक्षाबल के साथ हुए मुठभेड़ में 31 नक्सलियों की मौत के बाद अब घायल 3 नक्सलियों की मरने की खबर आ रही है। इस तरह मुठभेड़ में मरने वाले नक्सलियों की संख्या 34 पहुंच चुकी है। वहीं 6-7 और नक्सली घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें उपचार नहीं मिल पा रहा है।मुठभेड़ स्थल पर कुछ मीडियाकर्मी पहुंचे हुए थे। इसी दौरान थुलथुली और गावड़ी के ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने जंगल में नक्सलियों को अपने 3 साथियों के शवों को जलाते हुए देखा है। वहीं दूसरी ओर दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने भी कहा है कि सोमवार को 3 नक्सलियों के शव जलाने की खबर मिली है, लेकिन वे इसकी पुष्टि अभी नहीं कर सकते। इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)